

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अहमदाबाद पहुंचने पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने स्वागत किया। इसके बाद वे कोबा पहुंचे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 91 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# साणंद में सेमीकॉन प्लांट का उद्घाटन, मेक इन इंडिया को मिली नई ताकतः मोदी

## यह दिन मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन को साकार करने वाला ऐतिहासिक क्षण हैः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद जीआईडीसी में केयन्स सेमीकॉन के अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दिन मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन को साकार करने वाला ऐतिहासिक क्षण है और भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस प्लांट के शुरू होने के साथ ही यहां कमर्शियल प्रोडक्शन भी आरंभ हो गया है, जो भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। केयन्स सेमीकॉन सुविधा का उद्घाटन भारत की आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत प्रयासों को और गति देता है तथा एक सशक्त सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। मोदी ने कहा कि भारत अब वैश्विक बाजार में एक भरोसेमंद सेमीकंडक्टर सप्लायर के रूप में उभर रहा है। उन्होंने वर्ष 2021 में शुरू किए गए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि भारत के आत्मविश्वास और तकनीकी क्षमता का प्रतीक है। इस मिशन के तहत छह राज्यों में लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपये की लागत से 10 बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 फरवरी को माइक्रोन टेक्नोलॉजी के प्लांट में उत्पादन शुरू हुआ था और अब 31 मार्च को केयन्स सेमीकॉन प्लांट भी उत्पादन के चरण में प्रवेश कर गया है। उन्होंने इसे संयोग नहीं, बल्कि भारत के तेजी से विकसित हो रहे सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि भारत की अपनी कंपनी केयन्स अब वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन का हिस्सा बन गई है। आने वाले समय में और भी भारतीय कंपनियां वैश्विक सहयोग के माध्यम से इस क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएंगी।

इस प्लांट में एडवांस्ड इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल्स (आईपीएमएस) का निर्माण किया जाएगा।



### 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' का प्रभाव अब वैश्विक स्तर पर दिखाई देगाः पीएम मोदी

जो ऑटोमोबाइल और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण कंपोनेंट हैं। ये मॉड्यूल्स उच्च दक्षता और विश्वसनीय पावर स्विचिंग सिस्टम के लिए उपयोग किए जाते हैं। प्रत्येक मॉड्यूल में 17 चिप्स होती हैं और इनका निर्यात कैलिफोर्निया स्थित अल्फा और ओमेगा सेमीकंडक्टर को किया जाएगा। प्लांट के पूर्ण रूप से संचालित होने पर इसकी उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 6.33 मिलियन यूनिट्स तक पहुंचने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का प्रभाव अब वैश्विक स्तर पर दिखाई देगा और भारत में निर्मित उत्पाद दुनिया भर के उद्योगों को शक्ति प्रदान करेंगे।

### घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक बाजार में भी हिस्सेदारी बढ़ाना हैः पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि भारत का लक्ष्य घरेलू मांग को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक बाजार में भी अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि देश में सेमीकंडक्टर बाजार का वर्तमान आकार लगभग 50 अरब डॉलर है, जो इस दशक के अंत तक बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह वृद्धि भारत में इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं को दशार्ती है।

प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण खनिज के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए शुरू किए गए नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत खनन और उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा खनिजों की रीसाइक्लिंग के लिए 1500 करोड़ रुपये की योजना शुरू की गई है।

इसके अलावा हालिया बजट में ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे तटीय राज्यों को जोड़ते हुए रेयर अर्थ कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की गई है, जो खनन, रिफाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग की एकीकृत श्रृंखला विकसित करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान ही भारत ने यह संकल्प लिया था कि देश सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और वैश्विक हब के रूप में उभरेगा। आज उस दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है।



छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समाप्ति की दिशा में मिली ऐतिहासिक सफलता के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की।

# अवैध गतिविधि में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए लाया गया है एफसीआरए विधेयकः रिजिजू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विदेशी अंशदान (विनियमन) (एफसीआरए) संशोधन विधेयक, 2026 को लेकर विपक्षी दलों के आरोपों को खारिज करते हुए केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि किसी भी अवैध गतिविधियों में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह विधेयक लाया गया है। मंगलवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि केरल में वामदलो और कांग्रेस द्वारा कुछ अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि भारत सरकार विभिन्न धार्मिक संगठनों की गतिविधियों को रोकने के लिए एफसीआरए संशोधन विधेयक ला रही है। लेकिन प्रस्तावित संशोधन विधेयक केवल भारत में विदेशी धन के विनियमन के लिए, किसी भी अवैध गतिविधि में धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि विदेशों से अवैध रूप से पैसा आता है और उसका इस्तेमाल राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ किया जाता है। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हित में प्रस्तावित संशोधन लेकर सरकार लाई है। किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि वामपंथी दल और कांग्रेस प्रस्तावित संशोधनों को लेकर झूठी अफवाहें फैला रहे हैं, क्योंकि वे केरल विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से भयभीत हैं। यह विधेयक किसी भी धार्मिक समूह के खिलाफ नहीं है। उन्हें इस तरह के झूठ फैलाना बंद कर देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि विदेशी अंशदान संशोधन विधेयक, 2026 25 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था। इस विधेयक का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और विदेशों से प्राप्त धन का उचित उपयोग सुनिश्चित करना है।



# वित्त अधिनियम अधिसूचित, कर प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्त अधिनियम-2026 अधिसूचित कर दिया है। विधि और न्याय मंत्रालय की ओर से 30 मार्च को राजपत्र अधिसूचित किये जाने के साथ ही कर प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ हो गया है। अधिसूचना के अनुसार यह अधिनियम वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाएगा। लोकसभा ने 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ वित्त विधेयक को पारित किया था। राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद विधेयक को वापस भेज दिया।



इसके साथ ही एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट की प्रक्रिया पूरी हो गई।

2026 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल से कंपनियों की पुनर्खरीद पेशकश में शेयर बेचकर व्यक्तिगत या कॉरपोरेट शेयरधारकों द्वारा अर्जित पूंजीगत लाभ पर 12 फीसदी का एकसमान अधिभार लगाया जाएगा।

# नया आयकर कानून एवं कई बजटीय प्रावधान आज से होंगे लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत के साथ ही एक अप्रैल से देश का आयकर ढांचा भी बड़े बदलावों के दौर में प्रवेश करने जा रहा है। नया आयकर अधिनियम, 2025 बुधवार से लागू हो जाएगा, जो करीब छह दशक पुराने 1961 के कानून की जगह लेगा। इस नए कानून के तहत टैक्स सिस्टम, प्रक्रियाओं और नियमों में कई अहम बदलाव किए गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव वित्तीय वर्ष और निर्धारण वर्ष की जगह एकल ह्यकर वर्षह्ल की शुरूआत है, जिससे टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की गई है। आयकर विभाग के मुताबिक नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान 1 अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं। इसके अलावा भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए ह्यसेफ हार्बरह्ल प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी।




- पिछले वर्षों से संबंधित आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी

# 105 हथियार के साथ 33 नक्सलियों का आत्मसमर्पण



**टीम एक्शन इंडिया**
**जगदलपुरः** छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के चार जिलों में आज सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 33 कैडर (नक्सलियों) को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, नकदी और सोना भी बरामद किया है। बीजापुर जिले में 25 कैडर को पकड़ा गया। यहां से कुल 93 हथियार बरामद हुए, जिनमें चार एके-47 और नौ एसएलआर राइफलें शामिल हैं। बीजापुर में कुल 14.06 करोड़ रुपये की डंप रिकवरी भी हुई है। इसमें 2.90 करोड़ रुपये नकद और 7.2 किलोग्राम सोना शामिल है। बरामद सोने की कीमत 11.16 करोड़ रुपये आंकी गई है।

**दंतेवाड़ा, सुकमा और नारायणपुर में भी सरेंडर**

दंतेवाड़ा जिले में पांच कैडर को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से आठ एसएलआर सहित अन्य कई हथियार मिले हैं। सुकमा जिले में दो कैडर पकड़े गए। यहां से एक एलएमजी, दो एके-47 और 10 लाख रुपये नकद बरामद हुए। नारायणपुर जिले में एक कैडर को एक एलएमजी के साथ पकड़ा गया। बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। यहां से कुल 14.06 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की गई है। इस बरामदगी में 2.90 करोड़ रुपये की नकदी और 7.2 किलोग्राम सोना शामिल है। बरामद सोने की कीमत 11.16 करोड़ रुपये बताई गई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। दंतेवाड़ा जिले में पांच कैडर और आठ एसएलआर हथियार बरामद हुए।

सुकमा में दो कैडर के साथ एक एलएमजी और दो एके-47 राइफलें मिलीं। सुकमा से 10 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। नारायणपुर जिले में एक कैडर को एक एलएमजी के साथ पकड़ा गया।

# रोबोटिक सर्जरी फिलहाल हिमकेयर व आयुष्मान भारत से बाहर, कर्मचारियों के बिलों का होगा भुगतानः सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी को अभी आयुष्मान भारत योजना और हिमकेयर योजना के दायरे में शामिल नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि सरकार पहले इस तकनीक को पूरी तरह स्थापित और किफायती बनाने पर काम कर रही है। जब यह व्यापक रूप से उपयोगी और सुलभ हो जाएगी, तब इसे इन योजनाओं में जोड़ा जाएगा ताकि जरूरतमंद मरीज भी लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बताया कि हिमकेयर योजना का इस समय आंतरिक लेखा परीक्षण चल रहा है। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार विशेष वार्ड में भर्ती मरीजों से रोबोटिक सर्जरी के लिए एक लाख रुपये लिए जा रहे हैं, जबकि अन्य मरीजों को 70 हजार रुपये तक की सरकारी सहायता देकर उनसे 30 हजार रुपये ही लिए जा रहे हैं। विधायक राकेश जम्वाल के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रारंभ में दो रोबोटिक मशीनों की खरीद के लिए निविदा जारी की गई थी, पर बाद में उसी प्रक्रिया के तहत दो और मशीनें खरीदी गईं। प्रत्येक मशीन की कीमत लगभग 27 से 28 करोड़ रुपये के बीच रही। सोलन के लिए भी एक मशीन लेने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधित कंपनी ने बढ़ी कीमत का हवाला देते हुए आपूर्ति से मना कर दिया।

# नालंदा के शीतला अष्टमी मेले में भगदड़, कम से कम 8 श्रद्धालुओं की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार के नालंदा जिले में मघड़ा गांव स्थित माता शीतलाष्टमी मंदिर में मंगलवार को भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 6 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों को तत्काल इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में सभी महिलाएं बताई जा रही हैं। अब तक दो मृतकों की पहचान सकुन्त बिहार निवासी दिनेश रजक की 50 वर्षीय पत्नी रीता देवी और मथुरापुर (नूरसराय) निवासी कमलेश प्रसाद की 45 वर्षीय पत्नी रेखा देवी के रूप में हुई है। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शीतला देवी मंदिर में हुए भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को 6 - 6 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ के अचानक बढ़ने और अव्यवस्था के कारण भगदड़ मच गई, जिससे लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे और स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आज चैत्र महीने का आखिरी दिन होने की वजह से मेला लगा था और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। जल्दी-जल्दी दर्शन कर लिया जाए, इसके लिए लोग एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में थे।



- मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया

# एंट्री टैक्स पर सरकार का फैसला बदला, पुरानी दरें ही लागू रहेंगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** हिमाचल में बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर प्रस्तावित बढ़ी हुई एंट्री टैक्स दरें लागू नहीं होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में दोपहर भोजनावकाश के बाद यह स्पष्ट किया कि एंट्री टैक्स को लेकर की गई समीक्षा के बाद कार सहित 12 सीटर तक के वाहनों के लिए पूर्व दरें बहाल रखने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 सीटर कार पर 70 रुपये और 6 से 12 सीटर वाहनों पर 110 रुपये एंट्री टैक्स ही लिया जाएगा। इससे पहले इन श्रेणियों के लिए 130 रुपये की एक समान दर प्रस्तावित की गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि 6 टायर ट्रक के लिए शुल्क 320 रुपये और 10 से 14 टायर डबल एक्सल वाहनों के लिए 570 रुपये की पूर्व दरें ही प्रभावी रहेंगी।

### तोशाम में उन्नत सिंचाई उत्सव को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया संबोधित, पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई कमी नहीं, विपक्ष केवल कर रहा गुमराहः मुख्यमंत्री

# कांग्रेस की घोषणाएं 'डस्टबिन' में जाती थीं, बीजेपी निभा रही हर वायदाः नायब सिंह

- एक सप्ताह में मिल जायेंगे 2500 नये पटवारी, तोशाम आईएमटी के लिए ई-भूमि पोर्टल को अगले सप्ताह में खोला जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**तोशाम, वंदना शर्मा**
**भिवानीः** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में की गई घोषणाएं डस्टबिन में चली जाती थी। लेकिन इसके विपरीत, वर्ष 2014 से अब तक बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने हर संकल्प को पूरा करने की दिशा में ठोस कार्य किए है। वर्तमान सरकार घोषणाओं तक सीमित नहीं,बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को भिवानी के तोशाम में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव 2026 को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ड्रिप इरिगेशन पर सिंचाई विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम को सांसद चौधरी श्री धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती किरण चौधरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गांव सांगवान निवासी पर्वतारोही प्रवीण को सम्मानित भी किया मुख्यमंत्री ने रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तोशाम की यह धरती परिश्रम, त्याग और खेती-किसानी की समृद्ध परंपरा की साक्षी रही है। उन्होंने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसी लाल और स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह को याद करते हुए हरियाणा के लिए किये गये कार्यो का जिक्र भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हरियाणा के बनने के समय ही विकास की नई इबारत लिखी थी।

वे तोशाम-लोहारू के बालू रेत के टीलों पर लहलहाती फसल देखना चाहते थे। अपने इसी सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने पांच दशक पहले, उस समय विश्व स्तर का लिफ्ट इरिगेशन कैनाल सिस्टम तैयार किया था। इसके परिणामस्वरूप, इस रेतीले क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई के लिए पहली बार नहरी पानी पहुंचा और लोगों की किस्मत बदली।





उत्तर भारत

ACTION INDIA

करनाल, 01 अप्रैल 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# गांव-किसान की समृद्धि से सुदृढ़ भविष्य की नींव, योजनाएं बन रहीं मील का पत्थर

## केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ राज्य स्तर पर अतिरिक्त प्रोत्साहन जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जा रहे

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव और किसानों को मजबूत आधार प्रदान करते हुए विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ राज्य स्तर पर अतिरिक्त प्रोत्साहन जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली सहायता राशि में राजस्थान सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए अतिरिक्त तीन हजार रुपए जोड़ दिए हैं। जहां केंद्र सरकार किसानों को सालाना छह हजार रुपए देती है, वहीं राज्य में यह राशि बढ़कर नौ हजार रुपए हो गई है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी की गई किस्त के तहत प्रदेश के 66 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1,355 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने भविष्य में इस राशि को 12 हजार रुपए तक बढ़ाने का संकेत भी दिया है। राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही जोखिम मुक्त खेती और पशुपालन को भी



**किसान और श्रमिक दोनों के हितों में संतुलन स्थापित हो रहा है। सरकार का मानना है कि जब किसान समृद्ध होगा, तभी गांव मजबूत होंगे और गांवों के सशक्त होने से ही राज्य और देश के विकास की मजबूत नींव रखी जा सकेगीः भजनलाल**

बढ़ावा दे रही है। वर्ष 2026-27 के लिए कृषि बजट 1.19 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। गेहूं की समर्थन मूल्य खरीद पर 150 रुपए का बोनस, 78 लाख किसानों को 50 हजार करोड़ से अधिक के ब्याज मुक्त फसली ऋण और फसल बीमा योजना के तहत हजारों करोड़ रुपए के क्लेम वितरण जैसे कदम किसानों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। पशुपालन क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत लाखों पशुओं का बीमा और मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण रोजगार को स्थायित्व देने के लिए विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रहा है। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है, जिसमें जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना और आजीविका से जुड़े टिकाऊ कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डिजिटाइजेशन के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही भी तय की जा रही है। सरकार ने कृषि कार्यों के व्यस्त समय को ध्यान में रखते हुए श्रमिकों के लिए 60 दिनों की समेकित विराम अवधि का प्रावधान किया है, ताकि बुवाई और कटाई के दौरान खेतों में श्रमिकों की उपलब्धता बनी रहे और कृषि उत्पादन प्रभावित न हो। इससे किसान और श्रमिक दोनों के हितों में संतुलन स्थापित हो रहा है। सरकार का मानना है कि जब किसान समृद्ध होगा, तभी गांव मजबूत होंगे और गांवों के सशक्त होने से ही राज्य और देश के विकास की मजबूत नींव रखी जा सकेगी। इसी दिशा में उठाए जा रहे ये कदम भविष्य में ग्रामीण समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

## अब प्रदेश के 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली

**जयपुर।** प्रदेश के 22 जिलों के बाद अब दौसा एवं करौली जिले में भी कृषि उपभोक्ताओं को खेती के लिए दिन के दो ब्लॉक में बिजली सुलभ होने लगी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार रात अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल ह्यएक्सह्य पर पोस्ट करके यह बड़ी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली देने का महत्वाकांक्षी संकल्प लिया है। इस क्रम में वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट में यह कार्य चरणबद्ध रूप से वर्ष-2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। फिलहाल प्रदेश के 22 जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को दिन के दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अब जयपुर विद्युत वितरण निगम के दौसा एवं करौली जिले भी इससे जुड़ने जा रहे हैं। इसी तरह अजमेर डिस्कॉम के 12 जिलों-अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, डीडवाना-कुचामन, उदयपुर, सलूम्बर, राजसमंद, बांसवाड़ा, झुन्झुनूं, सीकर, चित्तौड़गढ एवं डूंगरपुर तथा जोधपुर डिस्कॉम के 3 जिलों-जालौर, सिरोही एवं पाली में भी कृषकों को दिन के दो ब्लॉक में आपूर्ति की जा रही है।

## सुशासन, सुरक्षा और संस्कृति का संदेश लेकर चली 'लखनऊ दर्शन' वाली बस



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ**ः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ में पर्यटन को नई पहचान देने की एक महत्वपूर्ण शुरूआत हुई। लखनऊ दर्शन के नाम से इस विशेष बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने महिला सशक्तिकरण के प्रतीक 1090 चौराहे से रवाना किया। अब पर्यटक लखनऊ के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और विरासत स्थलों का भ्रमण करने के साथ ही सरकार के सामाजिक सरोकारों से भी सीधे तौर पर रूबरू होंगे। लखनऊ दर्शन के तहत पर्यटकों के लिए दो आकर्षक टूर पैकेज तैयार किए गए हैं। पहला टूर सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होगा, जबकि दूसरा टूर शाम 4 बजे से 7 बजे तक रहेगा। इस पैकेज का किराया 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए 400 रुपये और 12 वर्ष से अधिक आयु के पर्यटकों के लिए 500 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। टूर पैकेज में जलपान की सुविधा भी शामिल है। पर्यटकों को प्रोत्साहित करने के लिए 31 जनवरी तक टिकट बुकिंग पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की वेबसाइट पर की जा सकती है।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन एथलीटों ने दिखाया दमखम

**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुर।** बस्तर जिले धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' के अंतर्गत मंगलवार को एथलेटिक्स की स्पर्धाओं ने दर्शकों में भारी उत्साह भर दिया।

जनजातीय युवाओं के कौशल और शारीरिक दक्षता को समर्पित इस आयोजन के दूसरे दिन प्रातःकालीन विभिन्न स्पर्धाओं में रोमांच का माहौल रहा। पुरुष वर्ग की बाधा दौड़ में असम के खिलाड़ी त्रैलोक्य मसरोंग ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मात्र 15.85 सेकंड में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। स्पर्धा में तेलंगाना के सपावत दतू ने 16.65 सेकंड के साथ रजत और त्रिपुरा के हरि मोहन त्रिपुरा ने 16.82 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा पुरुषों की 100 और 400 मीटर दौड़ में काँटे की टक्कर देखने को मिली। 400 मीटर दौड़ में गुजरात के एथलीट संतोषभाई उत्तमभाई गनवित ने 49.332 सेकंड में दौड़ पूरी कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि ओडिशा के नोबल कुमार किसान महज 49.335 सेकंड के मामूली अंतर से पिछड़कर दूसरे



**'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026' के अंतर्गत एथलेटिक्स की स्पर्धाओं ने दर्शकों में भारी उत्साह भर दिया**

स्थान पर रहे, तीसरे स्थान पर कर्नाटक राज्य के रामू रहे। 100 मीटर दौड़ में झारखंड के शिव कुमार सोरेन 10.58 मीटर में स्वर्ण, छत्तीसगढ़ राज्य के तिलक बर्सेल 10.87 के साथ दूसरे (रजत) और ओड़िसा के अतीश किंडो ने 10.91 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया । इसी तरह पुरुषों की लंबी कूद में लक्षद्वीप के अब्दुल फतह एनएम ने 7.03 मीटर की शानदार छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, तो वहीं ओडिशा के भीमा सरदार और जीवन मुक्ति बिलुंग ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। मैदानी स्पधाओं में शक्ति प्रदर्शन का दौर जारी रहा, जहाँ पुरुष वर्ग की तवा फेंक (डिस्कस थ्रो) स्पर्धा में गुजरात के मकवाना दानिश दिलीपभाई ने 44.83 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता। छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण तब आया जब स्थानीय खिलाड़ी सिद्धार्थ नागेश ने 35.56 के स्कोर के साथ रजत पदक जीतकर घरेलू दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया।

तीसरे स्थान पर ओड़िसा के चंद्रय मुर्मू रहे । महिला वर्ग में भी देश की बेटियों ने अदम्य साहस का परिचय दिया।

# एमएसई ने इक्विटी सेगमेंट के लिए मार्केट मेकर्स की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला**ः एमएसई ने अपने इक्विटी सेगमेंट के लिए मार्केट मेकर्स नियुक्त करने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इस कदम से बाजार में लेनदेन की गहराई बढ़ने, कीमतों के सही निर्धारण में मदद मिलने और ट्रेडिंग के अनुभव को और बेहतर बनाने की उम्मीद है। एमएसई 1 अप्रैल 2026 से बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाने के उपाय शुरू करेगा। इसका उद्देश्य बाजार में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना और ट्रेडिंग के लिए एक सक्रिय माहौल तैयार

**पारदर्शी**

**पक्षों के लिए एक पारदर्शी, कुशल और प्रतिस्पर्धी बाजार उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहा है**

करना है। ये कदम एमएसई की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत वह सभी जुड़े हुए पक्षों के लिए एक पारदर्शी, कुशल और प्रतिस्पर्धी बाजार उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहा है।



सिरसा जिले के कई क्षेत्रों में मंगलवार शाम को तेज हवा के साथ बरसात हुई। बेमौसमी बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी हैं। खेतों में सरसों व गेहूं की फसल पककर तैयार है, ऐसे में बरसात व तेज हवा किसानों की मेहनत पर पानी फेर सकती है। बाद दोपहर एकाएक मौसम बदला और शाम को तेज अंधड़ के साथ बरसात शुरू हुई।

# राजस्थान हाईकोर्ट : बिना कब्जे के वक्फ संपत्ति का दावा खारिज, स्टे रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) और नगर निगम जोधपुर को बड़ी राहत देते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने एक विवादित गार्डन पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस मुकेश राजपुरोहित की एकल पीठ ने जेडीए की अपील पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाते हुए



स्पष्ट किया कि जब संपत्ति पर कब्जा ही साबित नहीं है, तो अस्थाई रोक नहीं दी जा सकती। यह विवाद जोधपुर के एक बगीचे से जुड़ा है। शांतिप्रिय नगर के रहने वाले और मजलिस हमदर्दने कौम मेड़ती सिलावटान (जोधपुर) के सदर सलीम चौहान ने राजस्थान वक्फ बोर्ड, जयपुर के समक्ष एक अस्थाई रोक की अर्जी दायर की थी। इस मामले में राजस्थान मुस्लिम वक्फ बोर्ड भी एक पक्षकार है। वादी का दावा था कि 22 अक्टूबर 1966 के विनिमय पत्र और वक्फ रजिस्टर की प्रविष्टि के आधार पर यह बगीचा वक्फ संपत्ति का हिस्सा है। ट्रिब्यूनल की भूमिका निभा रहे बोर्ड ने 20 नवंबर 2025 को अर्जी मंजूर कर जेडीए व निगम को संपत्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

# ट्रूकॉलर यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला**ः ट्रूकॉलर ने घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुँच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफर में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज्यादा नए यूजर्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज्यादा हो गई है और भारत के बाहर इसके यूजर्स की संख्या 150 मिलियन से ज्यादा है। इसकी वजह है यह है कि आज दुनिया भर में अनचाही कॉल्स,स्पैम और धोखाधड़ी से सुरक्षा की जरूरत लगातार बढ़ रही है। इस साल की शुरूआत में दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मजबूत हुआ है।

# पहलवान पूनम ने 9 साल के खिताबी सूखे को किया समाप्त

टीम एक्शन इंडिया

रायपुरः कुश्ती जैसे खेल में जहां फिटनेस और ताकत सबसे बड़ी जरूरत होती है, वहां चोटिल कंधे के साथ मैट पर उतरना अपने आप में बड़ा जोखिम है। लेकिन झारखंड की 19 वर्षीय पहलवान पूनम ऑरन ने इस जोखिम को चुनौती में बदला और दर्द के बावजूद मुकाबले दर मुकाबले जीत हासिल करते हुए पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। फाइनल में भी पूनम बाएं कंधे पर पट्टी बांधकर उतरीं। हर मूव के साथ दर्द साफ नजर आ




रहा था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत तक लड़ते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया। पूनम ने महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में तेलंगाना की के. गीता को हराकर स्वर्ण पदक जीता।अपने करियर का पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद पूनम ने साई मीडिया से कहा, हार कैसे मान लेती सर जब नौ साल से हार नहीं मानी, तो अब कैसे मान लेती। मेरी यह चोट बहुत पुरानी है।

छह साल पहले मेरा कंधा उतर गया था। बीच में ठीक हुआ, लेकिन फिर ट्रेनिंग के दौरान दोबारा चोट लग गई। इसके बावजूद मैंने वापसी की और अब मैंने यहां पर गोल्ड जीता है।" उन्होंने कहा,"अपने करियर की शुरूआत से ही मैं चोटों से जूझ रही हूँ, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। गोल्ड मेडल जीतना किसी सपने के सच होने जैसा लगता है।

## अनुशासन से कार्य करना होगाः तोमर

# देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य कर साकार करें विकसित भारत@2047 की परिकल्पना



**टीम एक्शन इंडिया**

भोपाल। मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि विकसित भारत@2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवा विधायकों को समसामयिक परिस्थितियों में देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य करना होगा। नेतृत्व विकास के लिए सकारात्मक सोच और अनुशासन से कार्य करना होगा। विधान सभा अध्यक्ष तोमर मंगलवार को भोपाल स्थित मप्र विधानसभा में आयोजित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन (राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6) के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा विधायकों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत@2047 का विजन केवल सरकार का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि युवा विधायक चुनौतियों का समाधान कर अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें। युवा नेतृत्व समाज की सोच में परिवर्तन ला सकता है। सुशासन के क्षेत्र में प्रयास हों और विकास को जनआंदोलन बनाया जाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिकों का जागरूक होना अनिवार्य है। तोमर ने बताया कि युवा विधायकों ने टेक्नोलॉजी, स्वच्छता, सोलर एनर्जी, शिक्षा गुणवत्ता, अधोसंरचना, जनसंवाद और जनकल्याण पर विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने युवा विधायकों को सीख दी कि अध्ययन का विशेष महत्व होता है और विद्यार्थी भाव सदैव बना रहना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में अलग-अलग विचारधाराओं के विधायकों ने अपनी सीमाओं से ऊपर उठकर विषय के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त किए।

# सीएम धामी का संदेशः बेटियां बनें विज्ञान और नवाचार की अगुवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंपावतः** चम्पावत के गोरलचौड़ सभागार में आयोजित सी बार स्टेम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बालिकाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 50 मेधावी छात्राओं को 10,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की व श स्टेम आधारित लैपटॉप वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान और नवाचार आज के समय की आवश्यकता हैं और राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की बेटियां तकनीकी क्षेत्रों

**विज्ञान न केवल ज्ञान का माध्यम है, बल्कि विकास और समस्या समाधान की सबसे प्रभावी विधि भीः सीएम**

में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विज्ञान न केवल ज्ञान का माध्यम है, बल्कि विकास और समस्या समाधान की सबसे प्रभावी विधि भी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नवाचार, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। चम्पावत में विकसित हो रहा साइंस सेंटर भविष्य में विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और




अनुसंधान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने फूड प्रोसेसिंग, जूट बैग निर्माण, पिरूल ब्रिकेटिंग और मधुमक्खी पालन जैसे प्रशिक्षणों से हुए आर्थिक एवं सामाजिक बदलावों के अनुभव साझा किए।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कई प्रकाशनों का विमोचन किया तथा चम्पावत में ह्यविज्ञान रेडियोह्व, महिला प्रौद्योगिकी केंद्र और आपदा प्रबंधन केंद्र की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में विज्ञान, तकनीक और नवाचार को मजबूत करना है, ताकि युवा पीढ़ी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चम्पावत आनंद सिंह अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पाण्डे, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, विज्ञानशाला इंटरनेशनल की संस्थापक डॉ. दर्शना जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह सामंत, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा, भाजपा महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ गरिमामयी समापन

**समरसता**

राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन टीचर एजुकेशन, कुरुक्षेत्र में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का गरिमामयी समापन स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन टीचर एजुकेशन, कुरुक्षेत्र के सभागार में संस्थान निदेशक डॉ. ऋषि गोयल के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आज (31 मार्च) भव्य समापन हुआ। संस्थान के मीडिया प्रभारी सुनील पौलस्त्य ने बताया कि इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. आनंद कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्रभारी डॉ. प्रवीण कुमार द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। समारोह के दौरान स्वयंसेवकों ने देशभक्ति के गीतों, कविताओं और ओजपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मुख्य अतिथि कैलाश सैनी ने अपने ओजस्वी संबोधन में युवाओं को संस्कारों की महत्ता समझाते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों को समझना भी है। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद कुमार ने एनएसएस की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य में आयोजित होने वाले शिविरों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समरसता का भाव पैदा करते हैं। शिविर की विस्तृत रिपोर्ट छात्रा याना द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें सात दिनों की गतिविधियों का ब्यौरा दिया गया। वहीं, स्वयंसेवक आलोक ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे इस शिविर ने उनके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव लाए। शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आलोक महाराणा को 'बेस्ट स्वयंसेवक' और कोमल रानी को 'बेस्ट स्वयंसेविका' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि कैलाश सैनी और विशिष्ट अतिथि डॉ. आनंद को उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए स्मृति चिह्न एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम का प्रभावी एवं शानदार मंच संचालन गौतम दत्त द्वारा अपनी विशिष्ट शैली में किया गया। समारोह के समापन पर डॉ. सुमंत गोयल ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित (वोट ऑफ थैंक्स) किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर की सफलता सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजमेर सिंह, डॉ. संदीप चंदेल, डॉ. राम सरण, महेश श्योरायण, संदीप सांगवान, ऋतु त्यागी, अभिषेक शर्मा तथा बलविंदर कुमार उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र, :** दिन वीरवार हनुमान सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रबंधक विजय कुमार शर्मा व पुजारी डा. हिमांशु शर्मा ने बताया कि मंदिर के संरक्षक एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं.प्रेम कुमार शर्मा के सान्निध्य में संगीतमयी सुंदरकांड पाठ,56 भोग प्रसाद एवं विशाल भंडारा हनुमान जन्मत्सव पर 2 अप्रैल 2026 दिन वीरवार को होगा इससे पूर्व सुबह 7 बजे हनुमान जी का श्रृंगार एवं गणवेश धारण होगा, 7:30 बजे ध्वजारोहण, 8 बजे खिचडी-चाय-मिष्ठान का जलपान, 10:00 बजे सुंदरकांड पाठ आरंभ होगा, दोपहर 12 बजे 56 भोग प्रसाद एवं 12:30 बजे विशाल भंडारा होगा * 2 अप्रैल 2026 दिन वीरवार साय 7 बजे* विशाल भंडारा होगा। भंडारा प्रारंभ होने से पहले साय 5:30 बजे संगीतमय भजन और संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। इस मौके पर विशेष रूप से माणिक शर्मा,शैलेश वत्स,भारत भूषण शर्मा, मन्नत शर्मा व सारांश शर्मा उपस्थिति रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, आरोपियों से चोरी की बाइक बरामद




**नितिन सिंगला जगाधरी**

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपराध शाखा-1 की टीम ने नाकाबंदी के दौरान दो बाइक चोरों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की एक बाइक बरामद की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक के हिरासत में भेज दिया इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी की बाइक को लेकर फतेहपुर पुल होते हुए होते हुए जाएंगे। इस सूचना के आधार पर एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद दो युवक बाइक में आता दिखाई दिये। टीम ने उनको रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ में जिनकी पहचान गाँव भुठुवाला शुभम पुत्र रणवीर सिंह व गांव भगवानपुर निवासी लखन उर्फ लकी पुत्र मेंम सिंह के नाम से हुई। आरोपियों ने यह बाइक 17 जनवरी 2026 को जगाधरी से चोरी की **थी। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक के हिरासत में भेज दिया।**

## दो दोस्तों को पीटा, दोनों के सिर फोड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले के मूनक थाना क्षेत्र के कुताना चौक पर बाइक और कार की हल्की टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने अपने घर से 10 युवकों को बुला लिया। युवकों ने दो दोस्तों पर लाठी.डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों के सिर फट गए और बाजुओं पर गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावरों ने कार को भी बुरी तरह तोड़ दिया, जिससे करीब 2 लाख रुपए का नुकसान हुआ। पूरी घटना कैमरों में कैद हो गई है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बेगुमपुर के रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त योगेश के साथ ढाबे से घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आई एक बाइक उनकी गाड़ी से टच हो गई। इसके बाद बाइक सवार ने पहले थप्पड़ मारा और कहासुनी शुरू हो गई।

रवि गोयल के अनुसार बाइक सवार ने अपने घर फोन कर दिया, जिसके बाद वहां से करीब 10 युवक बिंडे लेकर मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर रवि गोयल और योगेश को बुरी तरह पीटा। हमले में दोनों के सिर फट गए और बाजुओं पर चोटें आईं। हमलावरों ने उनकी कार को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। शिकायत में करीब 2 लाख रुपए के नुकसान की बात कही गई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना की रिकॉर्डिंग उनके पास भी है और सभी आरोपी कैमरों में साफ दिखाई दे रहे हैं। शिकायत में विनोद, अमरजीत निवासी कुताना, विनोद उर्फ विनोदी और उसके दो साथी भजा सहित एक बाइक सवार अज्ञात युवक और 6 अन्य युवकों के नाम सामने आए हैं। मामले की शिकायत के बाद मुनक थाना में केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई संदीप कर रहे है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## अवैध खननः रायपुर रानी और अमरावती में छापेमारी

**पंचकूला मैनपालः-** जिले में अवैध खनन के खिलाफ पंचकूला पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्राकृतिक संसाधनों की चोरी और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए पुलिस की टीमें लगातार सक्रिय हैं। इसी अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही दो टिप्परों को पकड़ा है। 30 मार्च को रायपुर रानी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त व चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बटवाल गांव एक टिप्पर को रोककर चेक किया गया जिसमें खनन सामग्री भरी हुई थी। इसके बाद पुलिस ने तुरंत माइनिंग विभाग को सूचना दी। माइनिंग विभाग के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करते हुए टिप्पर को इंपाउंड कर लिया गया।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में 29/30 मार्च देर रात करीब 2 बजे अमरावती क्षेत्र के बुर्जकोटियां गांव के पास नदी क्षेत्र में एसीपी कालका आशीष कुमार की अगुवाई में टीम ने छापेमारी एक टिप्पर को पकड़ा। पकड़े गए वाहन को अमरावती चौकी में खड़ा कर माइनिंग विभाग द्वारा इंपाउंड करवा दिया गया।

# विनोद कुमार 34 साल की सेवाएं देने के उपरांत हुए सेवानिवृत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एनआईसी के सीनियर डायरेक्टर विनोद कुमार सिंगला ने कुरुक्षेत्र के विकास और प्रचार प्रसार के लिए एक सराहनीय, उल्लेखनीय उत्कृष्ट सेवाएं दी है। इन सेवाओं की बदौलत देश विदेश के लोग अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ जुड़े रहे और पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया। इन सेवाओं को जिला प्रशासन कभी भूला नहीं पाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा लघु सचिवालय के सभागार में एनआईसी विभाग की तरफ से आयोजित विदाई समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, नगराधीश आशीष कुमार, केडीबी सीईओ पंकज सेतिया, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह, लेखा अधिकारी सत्य भूषण, एडआईओ भारती ने एनआईसी के सीनियर डायरेक्टर विनोद कुमार सिंगला को सेवानिवृति पर बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ-साथ यादगारी के लिए एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। उपायुक्त ने कहा कि एनआईसी के सीनियर डायरेक्टर विनोद कुमार सिंगला ने हमेशा सरकार और प्रशासन के हर आदेश और निर्देश का पालन किया है। इस एनआईसी विभाग को नई ऊंचाइयों की तरफ ले जाने में अहम योगदान दिया। इसके साथ ही सरकार और प्रशासन की तमाम गतिविधियों को अमलीजामा पहनाने के लिए उत्कृष्ट कार्य किया, ऐसे अधिकारियों की भविष्य में कमी खलेगी। इस कार्यक्रम में केडीबी के सीईओ पंकज सेतिया, नगराधीश आशीष कुमार व मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर 18 दिवसीय गीता क्वीज प्रतियोगिताएं सीनियर डायरेक्टर विनोद सिंगला की ही देन रही है। एडीआईओ भारती ने कहा कि एनआईसी के सीनियर डायरेक्टर विनोद कुमार सिंगला ने 28 फरवरी 1992 को सरकारी सेवाएं ज्वाइन की और पहली पोस्टिंग महिला एवं बाल विकास जींद में सहायक सांख्यिकी अधिकारी के रूप में रही। इसके बाद 1997 में एनआईसी हैड क्वाटर नई दिल्ली में साईटिस्ट पद पर अपनी सेवाएं दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्ति को आत्मविशास एवं सफलता देती है : जनार्दन शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** आज ऋटररररर कुरुक्षेत्र में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का तीसरा दिन की शुरूवात योगाभ्यास से हुआ ।

शिविर के दूसरे सत्र में डॉ. रघुबीर तगेजा प्राध्यापक डाइट कुरुक्षेत्र ने स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम एवं सेफ्टी पर विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने बताया कि आज हर कदम पर हर आयु व्यक्ति एवं बच्चे साइबर क्राइम की गिरफ्त में आ रहा है। बच्चे अपनी जान तक गवा चुके और लाखों घर बर्बाद हो चुके हैं इसलिए आज मोबाइल के प्रयोग एवं अन्य गैजेट प्रयोग करते समय बहुत सावधानी की आवश्यकता है एवं इनका ज्यादा प्रयोग से बचना चाहिए । हमें अपना डाटा एवं पहचान बेवजह अपलोड नहीं करना चाहिए । शिविर के तीसरे सत्र के हरियाणवी के प्रसिद्ध कलाकार एवं हरियाणा फिल्म एसोसिएशन के चेयरमैन जनार्दन शर्मा ने स्वयंसेवकों को बताया कि ठरर जीवन में अनुशासन एवं सफलता प्रदान करती है इन शिविरों को जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है ।

## मोसनुता के पास मिला तेंदुए का शव

**नारनौल।** जिले के गांव मोसनुता के पास एक तेंदुए की मौत का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृत तेंदुए की उम्र करीब तीन से चार वर्ष बताई जा रही है।

वन विभाग के डीएफओ विजेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिलते ही विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इस घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है।

## बाऊजी के आदर्शों और मूल्यों पर चल रहे हैं सांसद नवीन जिन्दलः जय



**पुष्पांजलि**

ओम प्रकाश जिन्दल को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र लोकसभा के पूर्व सांसद एवं हरियाणा सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री ओम प्रकाश जिन्दल को उनकी पुण्यतिथि पर जिन्दल हाउस कुरुक्षेत्र में पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाऊजी ओम प्रकाश जिन्दल ने जनमानस की सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर लोगों की सेवा की। वो जमीन से जुड़े एक सच्चे नेता थे, जिन्होंने अपने जीवन को समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

उन्होंने कहा कि बाऊजी आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं। उन्होंने समाज के हर वर्ग को मेहनत करके आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ओम प्रकाश जिन्दल जी के आदर्शों और मूल्यों पर उनका पूरा परिवार चल रहा है। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र की जनता के कल्याण के लिए प्रयासरत हैं। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में चलाई जा रही विकास योजनाएं बाऊजी की शिक्षाओं का ही परिणाम है। इस अवसर पर हरि ओम अग्रवाल, मनीष शर्मा, नरेश आर्य, गौरव सिंगला, सुभाष ढांडा सरपंच, कर्मचंद शर्मा, नरेश कुमार, लाभ सिंह सरपंच, मेहर सिंह सैनी, गुरुदेव सिंह, बलदेव कल्याण, जगपाल बनवाला, राजेश सैनी, प्रवीण कुमार सरपंच, महिपाल अमीन, विजय सलारपुर, कृष्ण कुमार रंगा, बलजीत शर्मा, दिनेश जिन्दल,शाम कौशिक, राजेन्द्र राजपूत, शाहबाद हल्का प्रभारी अजैब सिंह, पिहोवा हल्का प्रभारी जीत राम, अंकित गर्ग और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मार्केट के दुकानदारों एवं व्यापारियों के साथ हुआ संवाद

**टीम एक्शन इंडिया**



**पंचकूलाः** व्यापार मंडल की ओर से अनिल थापर, प्रधान, दीपकृष्ण चौहान, उपप्रधान, राजेश गुप्ता, उपप्रधान, रवि कुमार बंसल, महासचिव, त्रिभवन गर्ग, केशियर, कंवल बिन्दुसार, हेड, स्ट्रेटेजी & पालिसी मैटर्स ने आज स्वास्तिक विहार मार्केट, मनसा देवी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 5, पंचकूला का दौरा किया, जहाँ मार्केट के दुकानदारों एवं व्यापारियों के साथ सार्थक संवाद हुआ। इस अवसर पर स्वास्तिक विहार मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील चावला जी ने अध्यक्ष महोदय का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर स्वास्तिक विहार मार्केट की ओर से सुनील चावला, प्रधान, अमित जिंदल, उपप्रधान, वासुदेव, महासचिव, अरुण जसवाल, संयुक्त सचिव, अक्षत ग्रोवर, कोऑर्डिनेटर, अजय जैन मौजूद रहे।

इस दौरान पंचकूला व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल थापर जी एवं महासचिव रवि बंसल जी ने पंचकूला व्यापार मंडल (ढश्ट) की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं भविष्य की योजनाओं का विस्तृत दृष्टिकोण व्यापारियों के सामने रखा। उन्होंने मार्केट के व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संगठन के माध्यम से प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का आश्वासन दिया।

दौरे के दौरान व्यापारियों की समस्याओं, सुझावों एवं व्यापारिक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पंचकूला व्यापार मंडल की सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरूआत भी आज इसी मार्केट से की गई, जिसमें व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। पंचकूला व्यापार मंडल का उद्देश्य सभी व्यापारियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना, उनकी आवाज को प्रशासन एवं सरकार तक पहुँचाना तथा व्यापारिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़कर एक मजबूत और संगठित व्यापारी समुदाय का निर्माण किया जाएगा।

# बिलासपुर मंडी में आज से शुरू हो रही गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर की मीटिंग

**नितिन सिंगला जगाधरी**



**बिलासपुर** एक अप्रैल से मंडियों में शुरू होने वाले गेहूं खरीद सीजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मार्किट कमेटी कार्यालय व्यासपुर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में एस.डी.एम जसपाल सिंह गिल ने मंडी में आने वाले किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खरीद प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से चलाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीटिंग की अध्यक्षता मार्किट कमेटी चेयरमैन विपिन सिंगला ने की, जबकि वाइस चेयरमैन सूरजभान सैनी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मीटिंग में एस.डी.एम ने कहा कि गेहूं खरीद सीजन के दौरान मंडी में बड़ी संख्या में किसान अपनी फसल लेकर आते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त होना बेहद जरूरी है। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति निर्बाध रहे, ताकि तुलाई और अन्य कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग को साफ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों और मजदूरों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एस.डी.एम ने स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए संबंधित कर्मचारियों को मंडी परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शौचालयों की व्यवस्था भी साफ-सुथरी और सुचारू होनी चाहिए, ताकि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मीटिंग में तुलाई व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी डिजिटल कांटों की समय रहते जांच कर ली जाएगी और तुलाई प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसल का सही वजन मिलना चाहिए और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा बारदाना उपलब्धता को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। एस.डी.एम ने कहा कि मंडी में बारदाने की कोई कमी नहीं होनी चाहिए और समय पर इसकी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया प्रभावित न हो। साथ ही वेस्ट उठान की व्यवस्था को भी सुचारू रखने के निर्देश दिए गए, ताकि मंडी परिसर में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने गेट पास व्यवस्था को भी व्यवस्थित रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी कार्य निर्धारित नियमों के अनुसार और पारदर्शिता के साथ किए जाएं।

मार्किट कमेटी चेयरमैन विपिन सिंगला ने कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया ताकि गेहूं खरीद सीजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। वाइस चेयरमैन सूरजभान सैनी ने भी अधिकारियों से मंडी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने की अपील की।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 13 लाख हड़पे, कई फर्मों का लेन-देन खंगाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि एक इमीग्रेशन कंपनी ने स्टडी वीजा के नाम पर पैसे लेने के बावजूद बच्चों को विदेश नहीं भेजा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एडीजीपी अपराध हरियाणा पंचकूला के निर्देशों के तहत की गई थी, जिसमें कई फर्मों और खातों के लेन-देन की पड़ताल की गई। मामला 12 दिसंबर 2025 को एडीजीपी अपराध हरियाणा पंचकूला के पत्र और 16 दिसंबर 2025 को एसपी करनाल कार्यालय की डायरी के आधार पर जांच में लिया गया। 25 मार्च 2026 को जांच रिपोर्ट तैयार कर पुलिस अधीक्षक को भेजी गई। जांच के दौरान इमीग्रो एचक्यू फर्म की संचालिका वंदना और उसके पति अर्पित दुल निवासी अल्फा सिटी करनाल के बयान लिए गए। जांच में करनाल निवासी विकारा भार्गव, पटियाला चौकी जींद निवासी विकास के बयान भी शामिल किए गए। इसके अलावा सलिन्द्र सिंह, हरबंस सिंह, सतीश कुमार, जितेन्द्र कुमार पिलानी और मान सिंह के बैंक खातों और दस्तावेजों की जांच की गई। मामले में करनाल के खानपुर के मनदीप कुमार के बारे में सामने आया कि वह करीब 6-7 महीने पहले ऑस्ट्रेलिया जा चुका है। इसकी पुष्टि गांव के सरपंच सुरेंद्र पाल ने अपने बयान में की। जांच में पाया गया कि वंदना की इमीग्रो फर्म श्रम विभाग हरियाणा में 8 मई 2024 और एमएसएमई में 15 अप्रैल 2024 को रजिस्टर्ड है। यह फर्म स्टूडेंट्स को स्टडी वीजा और अन्य लोगों को टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजने का काम करती है और फीस का लेन-देन एचडीएफसी बैंक खातों से होता था।

# तरुण और बंतो ने 'साईं की पाठशाला' के बच्चों संग किया डांस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल** :समाज के वंचित, स्लम और जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा देकर उनके भविष्य को संवारने वाली संस्था 'साईं की पाठशाला' में आज एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस पाठशाला के प्रांगण में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ।
कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात नेत्री श्रीमती बंतो कटारिया ने भी शिरकत की। अतिथियों का स्वागत पाठशाला के संचालक व समाजसेवी अनिल थापर ने किया।

**200 बच्चों को बांटे गए सर्टिफिकेट**

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शिक्षा और अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पाठशाला के तकरीबन 200 बच्चों को प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट) देकर सम्मानित किया। बच्चों का मुंह मीठा कराने के लिए सभी को मिठाइयां भी वितरित की गईं, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई।

मासूम बच्चों के संग झूमे अतिथि



इस पूरे आयोजन का सबसे मुख्य और भावुक आकर्षण तब देखने को मिला जब औपचारिकता और प्रोटोकॉल से परे हटकर मुख्य अतिथि तरुण भंडारी और नेत्री बंतो कटारिया नन्हे-मुन्ने बच्चों के आग्रह पर खुद को रोक नहीं पाए और उनके साथ जमकर डांस किया। बच्चों के साथ कदम थिरकाते अतिथियों को देखकर पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।
वरिष्ठजनों की गरिमामयी उपस्थिति इस पावन और खुशनुमा अवसर पर समाजसेवा और संगठन से जुड़े कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में मुकेश सिंगला, दीपक गर्ग , नरेश गोयल प्रदीप गर्ग,ने पहुंचकर बच्चों की हौसला अफजाई की। उनके साथ ही महिला जिला अध्यक्ष अनुराधा पुरी ने भी उपस्थित होकर संस्थान के इस पुनीत कार्य की सराहना की और बच्चों को शुभाशीष दिया।

अनिल थापर के सेवा कार्यों की हुई सराहना

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवी अनिल थापर और उनकी संस्था जिस निस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम छोर पर खड़े बच्चों को कॉन्वेंट स्कूल जैसी शिक्षा और संस्कार दे रही है, वह बेहद वंदनीय है। ऐसे प्रयास ही नए और सशक्त भारत की नींव रखते हैं। कार्यक्रम के समापन पर संचालक अनिल थापर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि 'साईं की पाठशाला' का यह सेवा प्रकल्प निरंतर इसी सेवा भाव के साथ आगे बढ़ता रहेगा

## न्यूज़ फ्लैश

### महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में वार्षिक परिणाम घोषित, होनहार विद्यार्थियों का सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 31 मार्च।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राइमरी विंग महर्षि दयानंद बाल गुरुकुल में मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधान भारत भूषण ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा अन्य होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मनीष घणघस ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ? के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गुरुकुल हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### दमकल विभाग के कर्मचारियों की दो दिवसीय हडताल के दौरान पानीपत के लिये मांगे 100 होमगार्ड व 40 ड्राईवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 31 मार्च।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के बैनर तले पानीपत जिला सहित प्रदेश के दमकल विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 8 व 9 अप्रैल को दो दिवसीय हडताल रखी जाएगी। पानीपत जिला में दमकल विभाग के करीब 125 अधिकारी व कर्मचारी है। यूनियन नेताओं के अनुसार इन 125 कर्मचारियों में से करीब 100 कच्चे कर्मचारी दो दिवसीय हडताल में भाग लेंगे। दमकल विभाग के कर्मचारियों की दो दिवसीय हडताल के चलते दमकल विभाग पानीपत द्वारा अग्निशमन विभाग के डायरेक्टर को पत्र लिखकर इन दो दिनों के लिये होम गार्ड के 100 जवानों व 40 चालक उपलब्ध करवाने की मांग की गई है। फायर ऑफिसर सुमित द्वारा पत्र की कॉपी उपायुक्त डा. विरेंद्र कुमार दहिया और एसपी भूपेंद्र सिंह को भी भेजी गई है। ताकि हडताल के दौरान जो करीब 100 कर्मचारी हडताल पर रहेंगे, उनके स्थान पर कही पर भी आगजनी होने पर इन होमगार्ड के जवानों व चालकों द्वारा काम चलाया जा सके। फायर ऑफिसर सुमित ने बताया कि विभाग के डायरेक्टर, डीसी व एसपी पानीपत को पत्र लिखकर होम गार्ड के 100 जवानों व 40 ड्राईवरों की मांग की गई है।

### तालाब बनाकर करें जल संरक्षण, 75 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा उद्यान विभाग द्वारा किसानों के हित में विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक अनुदान सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना, आधुनिक तकनीकों को अपनाने में सहायता देना और खेती को अधिक लाभकारी बनाना है। विशेष रूप से ह्लपानी संरक्षणह्व से जुड़ी योजनाओं के तहत किसानों को आर्थिक सहायता और बीमा लाभ दिए जा रहे हैं, जिससे वे कम लागत में बेहतर संसाधन विकसित कर सकें।
इन योजनाओं में सबसे प्रमुख ह्लखेत में पानी के तालाबह्व योजना है। इसके अंतर्गत सामुदायिक तालाब निर्माण पर किसानों या किसान समूहों को कुल लागत पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। इस योजना में अधिकतम 24 लाख रुपये तक की लागत पर सहायता उपलब्ध है। इसका उद्देश्य वर्षा जल का संचयन कर सिंचाई के लिए स्थायी स्त्रोत तैयार करना है, जिससे पानी की कमी की समस्या को कम किया जा सके।
इसके अलावा, व्यक्तिगत स्तर पर पानी के भंडारण के लिए ह्लव्यक्तिगत टैंकह्व योजना भी चलाई जा रही है। इस योजना में 10 लाख रुपये प्रति इकाई लागत पर 70 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है, जिसके तहत एक किसान को अधिकतम 7 लाख रुपये तक की सहायता मिल सकती है। यह टैंक विशेष रूप से बागवानी क्षेत्रों में उपयोगी है और निर्धारित आकार (लगभग 10292.12 फीट) तक बनाए जा सकते हैं।

## 97 हिमवीर एवं हिमवीरांगनाएं हुई देश सेवा के लिए तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपाल :** प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, भानू, पंचकूला में आज 496वें जीडी रिक्रूट (पुरुष/महिला) बैच के 22 राज्यों के 97 प्रशिक्षणार्थियों के दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री अशोक नेगी, पीएमजी, महानिरीक्षक, भा.ति.सी. पुलिस, भानू रहे।
ब्रिगेडियर जे.एस. गोराया, उप महानिरीक्षक, बीटीसी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस भव्य समारोह में अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी, संस्थान के पदाधिकारी एवं उनके परिवारजन तथा बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे।
इस परेड की कमान कांस्टेबल/जीडी (रिक्रूट) आल्ती वेंकटालक्ष्मी, 39वीं वाहिनी ने संभाली, जबकि कांस्टेबल/जीडी (रिक्रूट) गोपाल कुमार, 46वीं वाहिनी को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी घोषित किया गया।
मुख्य अतिथि अशोक नेगी, महानिरीक्षक, भा.ति.सी. पुलिस, भानू द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को बेसिक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और कहा कि अब वे इस बल के ह्यहिमवीरह्ण परिवार के एक प्रशिक्षित सदस्य के रूप में शामिल हो गए हैं।



उन्होंने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि आपको आईटीबीपी जैसे अनुशासित बल में देश सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रशिक्षण केंद्र में अर्जित ज्ञान को बनाए रखते हुए वे आगे भी सीखने का प्रयास करते रहेंगे।
इसके पश्चात बीटीसी भानू के जवानों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनों के माध्यम से साहस, अनुशासन और शारीरिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जिसकी दर्शकों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई। अशोक नेगी, महानिरीक्षक द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान समय-समय पर प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाया गया। उनके नेतृत्व में प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षकों ने कठिन परिश्रम एवं लगन से प्रशिक्षणार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनाने हेतु ड्रिल, हथियार संचालन, मैप रीडिंग तथा टैक्टिक्स जैसे विषयों पर 44 सप्ताह का कठोर प्रशिक्षण प्रदान किया।

## राममेहर शर्मा के रिटायर होने पर ददलाना गांव में किया गया विदाई समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 31 मार्च।** प्रसार भारती दिल्ली से अधीक्षक के पद से रिटायर होने पर दिल्ली स्थित कार्यालय और गांव ददलाना में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में डिप्टी डायरेक्टर जनरल प्रसार भारती विजय कुमार बलेजा और स्टाफ सदस्यों द्वारा राममेहर शर्मा को प्रतीक चिन्ह, पगड़ी, शाल और माला भेंटकर सम्मानित किया गया। डिप्टी डायरेक्टर जनरल बलेजा ने कहा कि आज शर्मा जी के विदाई समारोह से दिल खुश भी है और अंदर से दुखी भी है। खुशी इस बात कि है शर्मा सरकार द्वारा दी गई अपनी जिम्मेदारियों से हंसी-खुशी रिटायर्ड हो रहे हैं और दुख इस बात का है कि ये हमसे दूर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शर्मा



जी अपने कार्य के प्रति समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ रहे हैं। उन्होंने अपने कार्य में कभी विलंब नहीं किया। ये आज अपने पद से रिटायर्ड जरुर हो रहे हैं परंतु हमारे दिल में हमेशा इनके लिए मान सम्मान बना रहेगा।
वहीं गांव ददलाना में पहुंचने पर रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक एमएल डहरिया, कमांडेंट सीआईएसएफ दीपक मणि तिवारी एवं परिजनों द्वारा राममेहर शर्मा का बुके, शाल और फूलमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। डहरिया व दीपक मणि तिवारी ने कहा कि कोई व्यक्ति जब सरकारी नौकरी ज्वाइन करता है, उसी दिन उसकी रिटायरमेंट का समय निश्चित हो जाता है। किसी भी कर्मचारी या अधिकारी द्वारा बेदाग छवि के सेवानिवृत्त होना बड़ी उपलब्धि होता है। वही राममेहर शर्मा ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद

**विदाई**

**शर्मा जी सरकार द्वारा दी गई अपनी जिम्मेदारियों से हंसी-खुशी रिटायर्ड हो रहे हैं : डिप्टी डायरेक्टर**

आपसे दूर होने का गम मुझे भी है परंतु जब भी आप लोग मुझे याद करेंगे मैं आपके बीच में आता रहूंगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक केके झां, महाप्रबंधक संजय कुमार, इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र सिंह, पीएन त्रिपाठी, डीएस राणा, अजय कुमार, मास्टर गोपीचंद शर्मा, सतनारायण शर्मा, मनीराम, सतबीर शर्मा, कश्मीरी लाल शर्मा, खुशीराम शर्मा व सेवाराम के अलावा समस्त स्टाफ सदस्य और सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### विधानसभा अध्यक्ष आज करेंगे अनाज मंडी का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण क्षेत्र के विकास को नई गति देने के लिए सक्रिय हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष एक अप्रैल को सायं 3 बजे अनाज मंडी का दौरा करेंगे। उसके बाद सायं 4 बजे नगरपालिका में शहर से जुड़े विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेंगे।

## संगम घाट बनवाने की मांग को लेकर 5 को होगा महापंचायतः रतन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 31 मार्च।** यमुना सुधार समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं सीनियर एडवोकेट रतन सिंह रावल ने कहा कि हरियाणा-यूपी सीमा बॉर्डर स्थित यमुना पुल के पास गंगा का पानी लाकर संगम घाट बनवाने की मांग को लेकर 5 अप्रैल को हरियाणा व यूपी के लोगों की विशाल महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला पानीपत व यूपी के गणमान्य लोग हरियाणा व यूपी सरकारों से यमुना पुल के पास संगम घाट बनवाने की संयुक्त रूप से मांग करेंगे। दोनो ही प्रदेशों के श्रद्धालुओं द्वारा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब



सिंह सैनी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी जी के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। रतन सिंह रावल मंगलवार को लायर्स बिल्डिंग स्थित अपने चैंबर में मीडिया से बात कर रहे थे। रतन सिंह रावल ने बताया कि महापंचायत के लिये लोगों को निमंत्रण देने के लिये कई टीमों का गठन किया गया है और सभी टीमें पानीपत जिला के विशेषकर सनौली व बापौली ब्लाक के कई दर्जन गांव में जाकर ग्रामीणों को 5 अप्रैल की महापंचायत में यमुना पुल पर पहुंचने का न्यौता दे रही है।
उन्होने कहा कि पानीपत जिला के श्रद्धालुओं की यह पुरानी मांग है और यदि यमुना पुल के पास संगम घाट बन जाये तो बहुत से श्रद्धालु हरिद्वार की बजाये यहा यमुना पुल पर पर ही संगम घाट में स्नान कर सकते है। इस मौके पर एसपी अरोडा एडवोकेट व रोशन छौक्कर एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## घरेलू गैस और ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्धः उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिला में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सप्लाई चेन सुचारू रूप से कार्य कर रही है। गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैए किसी भी प्रकार की किल्लत नहीं है। उपभोक्ताओं को नियमानुसार 25 दिन बाद गैस सिलेंडर की आपूर्ति पहले की तरह हो रही है। आमजन को घबराने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया या व्हाट्सएप पर चल रही भ्रामक खबरों और अफवाहों पर बिल्कुल भरोसा न करें। केवल सरकारी हैंडल्स और



आधिकारिक सूचनाओं को ही विश्वसनीय मानें। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे घबराहट में आकर अतिरिक्त खरीदारी न करें। जिला की सभी गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंप डीलर्स के पास भरपूर स्टॉक मौजूद है। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक मुकेश कुमार के अनुसार जिला में 42 गैस एजेंसियां हैं और इन सभी अधिकृत गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर नियमित रूप से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 31 मार्च को 18 हजार 947 गैस सिलेंडर का स्टॉक भंडारण है और 6 हजार 279 गैस सिलेंडर बाहर से आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज 9 हजार 429 घरेलू तथा 94 कमर्शियल गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को जिला की विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से वितरित किए गए हैं। जिला में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

## एलपीजी गैस और पेट्रोलियम पदार्थों की देश में है पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 31 मार्च(बिजेंद्र सिंह)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात के उपरांत दिल्ली जाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन का मंगलवार को पानीपत में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और अन्य पदाधिकारियों ने बुके देकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के मद्देनजर देश वासियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और देशहित में आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने एलपीजी गैस



और पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि देश में इनकी पर्याप्त उपलब्धता है और ऐसी भ्रामक खबरों पर रोक लगाई जाएगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और नए-नए विकास कार्यों से आम जनता को सुविधाएं मिल रही हैं। इस दौरान शाहनवाज हुसैन ने संजय भाटिया के राज्यसभा सांसद चुने जाने पर अपने मित्र नवीन भाटिया और सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद भाटिया को बधाई भी दी। इस अवसर पर दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, चांद भाटिया, रोहताश देशवाल, विजय सहगल, ओम प्रकाश माटा, अशोक बांगा, रमेश खुराना, सतीश गंगवानी, हिमांशू वीरमणि, सुमित त्यागी, विक्की कत्याल, संदीप मलिक, संदीप मेहरा, पूर्व पार्षद अशोक छाबड़ा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जल बचेगा तो ही कल बचेगा: डॉ. चौहान

## वर्तमान समय में जल प्रदूषण और जल की बबार्दी गंभीर चिंता का विषय है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही रोका जा सकता है।

**आह्वान**

**जल की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। कचरे को न्यूनतम करने का आह्वान किया।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। वर्तमान समय में जल प्रदूषण और जल की बबार्दी गंभीर चिंता का विषय है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही रोका जा सकता है। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे राम-राम हरियाणा कार्यक्रम में जीरो वेस्ट डे पेयजल संरक्षण के सवाल पर प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा जल की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने कचरे को न्यूनतम करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की आवाज को मंच प्रदान करना और गांवों से जुड़ी समस्याओं, सुझावों व सकारात्मक पहलुओं को साझा करना रहा। कार्यक्रम के दौरान शामगढ़ की सरपंच गुल ढिल्लों ने गांव में पेयजल की स्थिति में सुधार के लिए किए गए सरकार और पंचायत के प्रयासों का विवरण दिया।

सुल्तानपुर के सरपंच जसमेर चौहान सहित अन्य गांवों के सरपंच भी कार्यक्रम से जुड़े, जिन्होंने अपने.अपने गांवों के विकास कार्यों, उपलब्धियों और चुनौतियों के बारे में जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में श्रोताओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। कैथल के मोहना से एक श्रोता की कॉल प्राप्त हुई, जिसमें उन्होंने गांव की हरिजन चौपाल के अधूरे काम का जिक्र किया इसके अतिरिक्त अन्य कई श्रोता भी कार्यक्रम से जुड़े और अपने विचार, सुझाव तथा समस्याएं सांझा की।

डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जल संकट आज केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी एक गंभीर चुनौती बन चुका है। उन्होंने बताया कि भूमिगत जल का गिरता स्तर, जल स्त्रोतों का प्रदूषण और जल का असंतुलित उपयोग भविष्य के लिए चिंताजनक संकेत हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण की आदतों को अपनाना और स्वच्छता पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। यदि समय रहते हम जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढि?ों को जल की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए आज से ही जल बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे जल का सम्मान करें, उसका संरक्षण करें और स्वच्छ जल को आने वाली पीढि?ों के लिए सुरक्षित रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।यह कार्यक्रम ग्रामीण संवाद को सशक्त बनाने और जन-भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस कार्यक्रम में सुल्तानपुर ग्राम पंचायत के सरपंच जसमेर सिंह, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान से वरिष्ठ सलाहकार गुरबिंदर सिंह अपना रेडियो 91.2 एफ एम से प्रीतम यादव, रेडियो वितस्ता 90 एफ एम अंबाला से भारत सोपोरी एवं अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस को उत्साह व संगठनात्मक एकता के साथ मनाया जाएगा: बाजीगर




**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आगामी 6 अप्रैल को मनाए जाने वाले भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर आज गुहला विधानसभा क्षेत्र में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर के कार्यालय में संपन्न हुई,

जिसमें पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में राजपाल तंवर, गुहला विधानसभा मंडल प्रभारी शैली मुंजाल, रघुवीर फौजी, अवधेश किशोर राय और मांगे राम जिंदल, गुहला विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष संजीव मित्तल, जोगा सिंह, सत्यवान सीड़ा और प्रवीण रसूलपुर भी मौजूद रहे। इसके अलावा जिला पदाधिकारियों, शक्ति केंद्रों के प्रमुखों तथा पार्टी के विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान भाजपा स्थापना दिवस के कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकताओं के साथ मिलकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का कार्य करें तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड? का प्रयास करें। इस अवसर पर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भाजपा स्थापना दिवस को पूरे उत्साह और संगठनात्मक एकता के साथ मनाने तथा पार्टी को ओर अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# आईजीएन कॉलेज लाडवा में नशा विरोधी अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 31 मार्च (विजय कौशिक)** : इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, लाडवा में हरियाणा सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार नशा विरोधी जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के नशा विरुद्ध जागरूकता प्रकोष्ठ एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सजग करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की संयोजिकाएँ डॉ. सुनीता रानी और डॉ. प्रियंका रही। नुक्कड़ नाटक देखने के लिए 75 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया गया। इस नाटक में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उसके कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों को अत्यंत संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय बना देता है और समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करता है। कॉलेज प्राचार्य प्रो. कुशल पाल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि युवा देश का भविष्य होते हैं, इसलिए उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नशे से दूर रहना केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक कर्तव्य भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज को भी नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।कार्यक्रम संयोजिका डॉ. प्रियंका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन, स्वस्थ आदतों एवं सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# खेत में संदिग्ध कारतूस नुमा वस्तु मिलने से हड़कंप, जांच शुरू

**रादौर, 31 मार्च (कुलदीप सैनी) :** एसके मार्ग पर स्थित एक निजी स्कूल के समीप खेतो के रास्ते पर संदिग्ध कारतूस मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध कारतूस को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हालांकि पुलिस का कहना है कि कारतूस की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहां जा सकेगा। खेत मालिक आकाश पंजेटा ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि खेत में उन्हें गोली के कारतूस जैसा दिखने वाली कोई वस्तु दिखाई दी। जिस पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसे कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी आनंद प्रकाश ने बताया कि कारतूस नुमा इस संदिग्ध वस्तु की जांच की जा रही है और इसके बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत अध्यक्ष को भेंट की महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 31 मार्च(मैनपाल कश्यप )** हर घर वाल्मीकि रामायण अभियान के संयोजक करनाल जिले के समौरा गांव निवासी तेजिंद्र सिंह तेजी व धर्म अनुयायियों ने विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पवन कुमार को गांव समौरा आगमन पर रामायण भेंट कर अभियान को गति दी। इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश पवन कुमार ने कहा कि इस तरह के अभियान की समाज में बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह मानव जन्म परमपिता परमात्मा की आराधना करने के लिए भी है। अपने जीवन के व्यस्त पलों में से भी समय निकालकर परमात्मा को याद करके उसकी अनुकंपा का पात्र बनें। पाप व बुराईयों से बचकर रहें। जिस घर में रामायण पाठ करवाए जाते हैं उनमें सदस्यों के आचरण व व्यवहार को देखकर सीख ले सकते हैं। उनके मनों में शांति व धैर्य मिलेगा और वे किसी की बुराई नहीं करते। सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा भी बहुत जरूरी है। आज के विद्यार्थी रामायण के प्रसंगों एवं संस्मरणों से गहन विज्ञान के गूढ़ रहस्यों के बारे में शोध को लेकर प्रेरित हो सकते हैं। उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं का अनुशरण करने का संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण युगों-युगों से मानव जाति को ज्ञान व दिशा प्रदान कर रही है और हमेशा करती रहेगी। विश्व का सबसे प्राचीन महाकाव्य आज भी सभी को प्रेरणा दे रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### गुहला में आज लगेगा रक्तदान शिविर व फ्री मेडिकल कैंप

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला के वार्ड नम्बर 11 के कम्यूनिटी हाल में कल बुधवार को नवतेज इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट चीका की ओर से एक विशाल रक्तदान कैंप फ्री मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के चेयरमैन गुरमेज राणा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाया जाता है और आज लगने वाला रक्तदान शिविर लगातार चौथा है। उन्होंने बताया कि शिविर लगाने में श्री नैना देवी लंगर कमेटी चीका, श्री खाटू श्याम परिवार ।, पीर बाबा असीरुदीन शाह यूथ ट्रस्ट हेमुमाजरा, पीर बाबा चेतनशाह ट्रस्ट गुहला व डाक्टर भीम राव अम्बेडकर युवा संगठन खरौदी समाजसेवी संस्थाओं का भी विशेष सहयोग रहेगा। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे रक्तदान शिविर में आएं और अपना सामाजिक दायित्व निभाने के साथ साथ पुण्य के भागी भी बनें।

### विदेश से जानकार बनकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** साइबर ठगों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही एक मामले में ठगों द्वारा चीका क्षेत्र के एक बुजुर्ग से विदेश से रिश्तेदार बनकर 23 लाख रुपए की ठगी करने के मामले की जांच साइबर क्राइम थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में एएसआई प्रदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद आरिज निवासी हत्थ हकीम मोहल्ला, शाहाबाद जिला हरदोई यूपी तथा सुनील निवासी गांव उधमपुर जिला हरदोई यूपी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चीका के वार्ड नं. 16 निवासी संतोख की शिकायत के अनुसार उसके दो बेटे 15 साल से इटली गए हुए हैं तथा उसके साले गांव कसौर निवासी बहादुर के भी दो बेटे बलराज व मनजीत भी इटली गए हुए हैं। मनजीत बचपन से ही उनके घर रहता था इसलिए वह उससे बेटों की तरह प्यार करता था। शिकायतकर्ता के अनुसार 29 मई 2023 को उसके पास विदेशी नंबर से काल आई। काल करने वाले ने कहा कि फुफड़ जी, मै मनजीत बोल रहा हूं और इसी के चलते वह आरोपी की बातों में आ गया और भावना में बहकर उसने अपनी पत्नी से भी आरोपी की बात करवाई। आरोपी ने उससे कहा कि वह 15 दिन बाद भारत आ रहा है और उसने इटली के डोंकरों से कागजात बनवाए हैं, जिनके 3 लाख रुपए बनते है, जो अभी देने हैं। आप 3 लाख रुपए अभी भेज दो, जो उसने आरोपी को मनजीत समझकर 15 हजार रुपए बताए गए बैंक खाता में जमा करवा दिए। इसके बाद दूसरे युवक की कॉल आई और कहने लगा कि उसने मनजीत के कागजात तैयार करवाए हैं। उसकी मां बीमार है और उसे रुपयों की सख्त जरूरत है। इसलिए आप ओर रुपए भेजो। इसके बाद उसने 2 लाख 85 हजार रुपए ओर जमा करवा दिए। इसके बाद दोबारा कॉल आने पर और मां ज्यादा बीमार होने के नाम पर उसने एक लाख रुपए एक बार फिर जमा करवा दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने कॉल करके उसे कहा कि मनजीत का एक्सीडेंट हो गया है, जिसमें विदेशी युवक चोट लगने से कोमा में चला गया है और मनजीत उसे अस्पताल लेकर गया है। मनजीत के पास लाइसेंस भी नहीं है, जिसके कारण मनजीत को एक लाख 80 हजार रुपए जुमार्ना लगा है। इतना कहने पर उसने एक लाख 80 हजार रुपए फिर जमा करवा दिए। इसके बाद आरोपियों ने उससे पुलिस के नाम पर 2 लाख 20 हजार रुपए व जज को देने के नाम पर 3 लाख रुपए हड़प लिए। इसके बाद आरोपियों ने उससे कहा कि एक्सीडेंट में घायल युवक की मौत हो गई है और मामले को रफा दफा करने के लिए 50 लाख रुपए मांगे हैं, लेकिन हमने 6 लाख रुपए में बात की है। इसलिए उसने हडबडाहट में 6 लाख रुपए फिर जमा करवा दिए।

# अयोध्या धाम गई विशेष ट्रेन में श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अयोध्या धाम की यात्रा पर गई विशेष ट्रेन में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा गया।

यात्रा के दौरान डॉक्टर अनिका अग्रवाल, डॉक्टर पीयूष चहल, साहिल फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स प्रियंका की टीम ने ट्रेन में सफर कर रहे श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। डॉ. अनिका ने बताया कि यात्रा के दौरान कई श्रद्धालुओं ने सर्दी, खांसी, जुकाम, दस्त, उल्टी और बुखार जैसी सामान्य बीमारियों की शिकायत की है।टीम ने मौके पर ही उनका प्राथमिक उपचार किया और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाईं, जिससे श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली।

श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि लंबी यात्रा के दौरान इस तरह की चिकित्सा सुविधा मिलने से उन्हें सुरक्षित और निश्चिंत होकर यात्रा करने में मदद मिली। स्वास्थ्य टीम ने यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने, मौसम के अनुसार सावधानी बरतने और नियमित रूप से पानी पीने की सलाह भी दी।

# अंतरराष्ट्रीय शहीदी स्मारक कार्यों की महानिदेशक ने की समीक्षा

**निर्देश**

**बैठक लेते हुए कार्यो की रूपरेखा की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अम्बाला में बन रहे अंतराष्ट्रीय स्तर के शहीदी स्मारक का सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.मकरंद पांडुरंग ने जायजा लेते हुए यहां पर जो कार्य किए जा रहे है उसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर शहीदी स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी व संबधित एजेंसी के प्रतिनिधियों ने स्मारक से जुड़े कार्यो बारे विस्तार से महानिदेशक को जानकारी दी। उन्होंनें सभी शेष बचे कार्यो को पूरी गुणवक्ता के साथ करने के निर्देश दिए।

महानिदेशक के.मकरंद पांडुरंग ने शहीदी स्मारक के कार्यो के तहत अभी तक क्या-क्या हो चुका है तथा क्या-क्या कार्य शेष बचे है उसकी जानकारी ली। उन्होने यहां पर बैठक लेते हुए सभी कार्यो की रूपरेखा की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होनें बैठक उपरांत शहीदी स्मारक में किए जा रहे कार्यो का बारीकी से अवलोकन भी किया उन्होनें शहीदी स्मारक के मुख्य द्वारा के बाहर एनएचअआई विभाग से बेहतर समन्वय बनाते हुए यहां पर सफाई व्यवस्था तथा अन्य कार्यो को करने के निर्देश दिए, इसके अलावा शहीदी स्मारक से सबंधित फिनिशंग के कार्य को करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में महानिदेशक ने यहां पर फूड कोर्ट व शोपिंग कॉम्पलेक्स के भवन का भी जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज निरीक्षण के दौरान जिन-जिन स्थानों पर आवश्यक कार्य करने हेतू निर्देश दिए गए है वह सभी छोटे-छोटे कार्य अगली बैठक से पहले ठीक होने चाहिए। उन्होने यह भी कहा कि सबंधित एजेंसी द्वारा जो भी कार्य शेष बचे है वह उन्हें तीव्रता से करना सुनिश्चित करे। उन्होंने इस दौरान ऑडिटोरियम भवन का भी जायजा लेते हुए यहां पर सीटिंग की व्यस्था के साथ-साथ साउंड की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होने बताया कि यह परियोजना एक महत्वपूर्ण परियोजना है तथा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है इसके तहत सभी कार्य बेहतर समन्वय के साथ होने चाहिए। आर्ट वर्क की कार्य की भी जानकारी लेते हुए उन्होनें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर शहीदी स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने इस परियोजना से जुड़े कार्यो बारे तथा एजेंटे में रखे बिंदुओं पर जो कार्य हुए है उस बारे महानिदेशक को जानकारी देते हुए अवगत कराया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता हरपाल सिह ने भी निर्माण से जुड़े कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें महानिदेशक को आश्वस्त किया कि आज की बैठक में जिन-जिन बिंदुओं पर आवश्यक कार्य बारे कहा गया है कि वह सभी कार्य संबधित एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर किए जाएगें।

# माता बाला सुंदरी मेले में पहले दिन भारी संख्या में पहुंचे भगतजन



**लाडवा 31 मार्च (विजय कौशिक)** : लाडवा के प्राचीन व ऐतिहासिक माता बाला सुंदरी मंदिर पर आज पहले दिन भारी भीड़ देखने को मिली। मेला समिति के सदस्यों के द्वारा मेले में पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। रात के 12 बजे से पहले से ही लोगों ने लाइनों में खड़ा होना शुरू कर दिया। समाजसेवी सचिन गर्ग ने मन्दिर परिसर में माता को भोग लगा भंडारे का शुभारंभ किया। इस मौके पर उनके पिता, समाजसेवी तरसेम बकाली, अनुज शर्मा, योगेंद्र कम्बोज शामिल रहे। मन्दिर परिसर में बाउंडर भी चर्चा का विषय बने। इस पर लोगों ने मन्दिर के पुजारी को बोला कि ये आस्था के साथ खिलवाड़ है। मंदिर में लोग दर्शन करने के लिए आते हैं लेकिन बाउंडरों के कारण लोग अपने आप को डरा हुआ सा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मंदिर के पुजारियों के द्वारा इस तरह तरह के व्यवहार को आमजन की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। ऐतिहासिक माता मंदिर में लोग अपनी मुरादें पूरी होने पर प्रसाद चढ़ाने आते हैं।

जब इस बाउंसरों के बारे में पुजारी प्रमोद से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि भारी भीड़ को देखते हुए इन सुरक्षा के कर्मचारियों को पहले दिन के लगाया जाता। उन्होंने कहा कि आज शाम तक बाउंडर रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाउंसरों को लोगों के साथ सही तरीके से व्यवहार करने के लिए कहा गया है और ये बाउंसर हर साल आते है।

जब थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सुरक्षा के पूरी तरह से इंतजाम किए गए हैं।

हुड़दंग बाजी करने वालो को किसी भी कीमत पर नहीं बख़्शा जाएगा। अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु मिले तो पुलिस को सूचित करें। लाड़वा पुलिस उपाधीक्षक निर्मल सिंह ने मौके पर पहुंचकर मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि शांति व धैर्य से माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें। माता रानी सबके कष्टों को हरने वाली है। लेकिन हुड़दंग करने वालो को उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में उनको बक्सा नहीं जाएगा।

मान्यता है कि माता बाला सुंदरी के दरबार में जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। मंदिर कमेटी ने भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ मंदिर के स्वयंसेवक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि पेयजल, विश्राम स्थल और लाइटिंग की विशेष व्यवस्था की गई है ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को कोई असुविधा न हो।

# थाना सेक्टर 17 हुड्डा की टीम ने आरोपी को मुर्सलीन बनाकर पेश होने के मामले में किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में काम करते हुए एक आरोपी की जगह फर्जी व्यक्ति (डमी) को पेश करने की कोशिश करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए इस मामले में गांव ऊंचा चांदना निवासी मस्तान शाह उर्फ बिल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है थाना प्रभारी प्रमोद वालिया ने बताया कि थाना गांधीनगर से संबंधित एक केस में आरोपी मुर्सलीन के बयान दर्ज होने थे। इसी दौरान उसने अदालत में एक अन्य व्यक्ति को मुर्सलीन बनाकर पेश किया गया। फर्जी आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए सिर पर विग पहन रखी थी।

जब अदालत ने उससे पूछताछ की, तो वह अपने पिता का नाम और पता तक सही तरीके से नहीं बता पाया। शक गहराने पर वह व्यक्ति पानी पीने का बहाना बनाकर अदालत परिसर से फरार हो गया। जिसे बाद में पुलिस ने पकड़ा। उसकी पहचान मस्तान शाह के रूप में हुई। जिस आरोपी मुर्सलीन के स्थान पर वह आया था। उस पर पहले भी धोखाधड़ी के चार केस दर्ज हैं। आरोपी मस्तान शाह से कार, मोबाइल फोन, 27,500 रुपये की नकदी, तीन डेबिट कार्ड और एक पर्स बरामद किया है।

## संपादकीय

# महिला सुरक्षा पर बहस

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर बहस कोई नई बात नहीं है। समय-समय पर यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या महिलाओं को दी गई आधुनिक स्वतंत्रता वास्तव में उनके लिए लाभकारी है या उन्हें शोषण के अधिक जोखिम में डाल रही है। हाल की घटनाओं और उन पर समाज की प्रतिक्रिया को देखते हुए यह बहस फिर तेज हो गई है। कुछ लोग मानते हैं कि महिलाओं की बढ़ती स्वतंत्रता ही उनके शोषण का कारण बन रही है, जबकि अन्य इसे एक संकीर्ण और गलत दृष्टिकोण मानते हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि इस विषय को भावनाओं के बजाय तर्क, तथ्यों और संतुलित दृष्टि से समझा जाए।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि शोषण का मूल कारण क्या है। क्या वास्तव में किसी महिला का पढ़ा-लिखा होना, आत्मनिर्भर होना या स्वतंत्र रूप से जीवन जीना उसके शोषण का कारण बन सकता है? इसका सीधा और स्पष्ट उत्तर है- नहीं। शोषण का कारण हमेशा उस व्यक्ति की मानसिकता होती है जो अपराध करता है। जब कोई व्यक्ति किसी महिला के साथ गलत व्यवहार करता है तो उसकी जिम्मेदारी केवल और केवल उसी व्यक्ति की होती है। इसे महिला स्वतंत्रता या उसके व्यवहार से जोड़ना न केवल गलत है बल्कि यह पीड़िता को ही दोषी ठहराने जैसा है। समाज में एक धारणा यह भी है कि यदि महिलाएं पिता, भाई या पति की निगरानी में रहें तो वे अधिक सुरक्षित रहती हैं। यह विचार पारंपरिक सोच से उत्पन्न हुआ है, जहां सुरक्षा और नियंत्रण को एक ही माना गया। लेकिन वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां महिलाओं के साथ शोषण उनके परिचितों या परिवार के भीतर ही हुआ है। इसका अर्थ यह है कि केवल निगरानी या नियंत्रण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता। सुरक्षा का संबंध व्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने से नहीं बल्कि समाज में न्याय, कानून और जागरूकता की मजबूती से है। यह भी कहा जाता है कि महिलाएं स्वभाव से भावुक होती हैं और इसी कारण वे आसानी से किसी के प्रभाव में आ जाती हैं। हालांकि यह आंशिक रूप से सही हो सकता है कि महिलाएं भावनात्मक रूप से अधिक अभिव्यक्त होती हैं लेकिन इसे उनकी कमजोरी मान लेना बड़ी भूल है। भावनाएं मानव स्वभाव का हिस्सा हैं, चाहे वह पुरुष हो या महिला। असल समस्या तब उत्पन्न होती है जब कोई व्यक्ति इन भावनाओं का गलत फायदा उठाता है। इसलिए समाधान यह नहीं है कि महिलाओं की भावनाओं को दबा दिया जाए या उनकी स्वतंत्रता सीमित कर दी जाए बल्कि यह है कि समाज में ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जो दूसरों का शोषण करते हैं। आधुनिक समाज में महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और अपने निर्णय लेने का अधिकार मिला है। यह एक सकारात्मक परिवर्तन है, जिसने उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी आई हैं। स्वतंत्रता का सही उपयोग करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# तमिलनाडु चुनाव में चुनावी हलचल तेज



अशोक भाटिया

> "राज्य की भीड़भाड़ वाले राजनीतिक मंच पर अब अभिनेता विजय ने कदम रख दिया है, जिनका राजनीति में आना उत्साह और उथल-पुथल, दोनों का मेल है। अलग-अलग तबकों में जबरदस्त लोकप्रियता रखने वाले विजय एक नई राजनीतिक ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि, उनका शुरूआती असर शायद बिखरा हुआ ही रहने वाला है। उनके समर्थकों का आधार काफी हद तक डीएमके-विरोधी मतदाता वर्ग से मेल खाता है, जिससे अलग-अलग सीटों पर सत्ता-विरोधी वोटों के बंट जाने की संभावना बढ़ जाती है"

तमिलनाडु चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, राज्य में चुनावी हलचल तेज हो गई है। एक-एक करके सारे दल अपने घोषणापत्र जारी कर रहे हैं। पलानीस्वामी ने एआईएडीएमके का घोषणपत्र जारी किया। उन्होंने कई जाने-पहचाने वादे किए हैं। इसमें महिलाओं को मिलने वाली मासिक नकद सहायता राशि को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये करना, परिवारों को एकमुश्त 10,000 रुपये की राहत राशि देना, पुरुषों के लिए मुफ्त बस यात्रा, प्रति वर्ष तीन एलपीजी सिलेंडर मुफ्त, फसल ऋण माफी, धान के लिए उच्च समर्थन मूल्य और सौर ऊर्जा पर सब्सिडी शामिल है। सबके खास चुनावी वादा है, हर राशन कार्ड धारक को एक फ्रिज देना।पलानीस्वामी ने घोषणापत्र को चुनाव का नायक बताया। एक मायने में, वे सही हैं। तमिलनाडु में, कल्याणकारी वादे कभी भी चुनाव प्रचार का सिर्फ एक हिस्सा नहीं होते। वे अक्सर खुद चुनाव प्रचार होते हैं, वह भाषा जिसके माध्यम से पार्टियां सम्मान, कर्ज, भूख, आकांक्षा और घरेलू तनाव के बारे में बात करती हैं। देखा जाय तो इस समय हिन्दुत्व का राजनीतिक विरोध तमिलनाडु की खास पहचान बना हुआ है। ई।वी। रामासामी द्वारा रखी गई वैचारिक नींव यहां की राजनीति को आज भी आकार दे रही है; यह धार्मिक लामबंदी के बजाय सामाजिक न्याय, भाषाई पहचान और तर्कवाद को प्राथमिकता देती है। यह जीवंत ढांचा आज भी मतदाताओं की अपेक्षाओं और राजनीतिक रणनीतियों को प्रभावित करता है। जैसा कि चेन्नई स्थित शिक्षाविद सी। लक्ष्मणन कहते हैं, तमिलनाडु में चुनाव केवल पहचान के आधार पर नहीं, बल्कि गरिमा, कल्याण और अधिकारों के मुद्दों पर लड़े जाते हैं।

इस ढांचे में अपने पैर जमाने के लिए बीजेपी को संघर्ष करना पड़ रहा है। अपने सांगठनिक आधार का विस्तार करने और नेतृत्व को चमकाने पर भारी-भरकम खर्च करने के बावजूद, उसकी रणनीतियां मोटे तौर पर राज्य की राजनीतिक सोच के अनुरूप नहीं दिखी हैं। धार्मिक पहचान को आगे लाने के प्रयासों को सीमित सफलता ही मिली है,



जबकि गठबंधन बनाने की कोशिशें क्षेत्रीय पार्टियों की वजह से बाधित हुई हैं, जो अपनी जगह छोड़ने को तैयार नहीं। जैसा कि पत्रकार एम। सतीश कुमार कहते हैं, तमिलनाडु में बीजेपी की समस्या आकांक्षा-महत्वाकांक्षा की कमी नहीं, बल्कि एक ऐसी राजनीतिक भाषा की कमी है जो लोगों के दिलों को छू सके। गठबंधन पर अपनी निर्भरता के कारण बीजेपी का एआईएडीएमके (ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कजगम) के साथ एक जटिल रिश्ता बन गया है; यह एक ऐसी पार्टी है जो खुद अंदरूनी अस्थिरता से जूझ रही है। जे। जयललिता के निधन के बाद से, एआईएडीएमके को एक एकजुट ताकत के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने में काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। नेतृत्व को लेकर चल रही खींचतान अब गुटों के बीच गहरी और स्थायी दरारों में बदल गई है।हालांकि ई।के। पलानीस्वामी ने संगठन पर कुछ हद तक नियंत्रण हासिल कर लिया है, फिर भी पार्टी में एकता अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है। पकड़ मजबूत करने के उनके प्रयासों ने ओ। पनीरसेल्वम के खेमे से जुड़े गुटों को पार्टी से अलग-थलग कर दिया है; वहीं, वी।के। शशिकला की छाया अब भी पार्टी के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल की तरह मंडरा रही है। कोयंबटूर के वरिष्ठ एआईएडीएमके नेता सिंगाई रामचंद्रन ने बड़ी बेबाकी के साथ समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया: ऐसे समय जब वोट जुटाने पर ध्यान देना चाहिए था, पार्टी अब भी नेतृत्व के मुद्दे पर उलझी हुई है। आलोचकों का कहना है कि पलानीस्वामी अपनी ताकत स्थापित करने में तो सफल रहे हैं, लेकिन आम सहमति नहीं बना पाए हैं। यह असंतुलन पार्टी की उस क्षमता को कमजोर करता है जिससे वह ऐसे चुनाव में विश्वसनीय चुनौती पेश कर सके जिसमें दोनों की आवश्यकता है। यह विखंडन एआईएडीएमके तक ही सीमित नहीं है। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) अपने मजबूत वन्नियार आधार के साथ प्रभावशाली तो बनी हुई है, लेकिन राजनीतिक रूप से अस्थिर है। आंतरिक फेरबदल, पीढ़ीगत परिवर्तन और बदलते गठबंधन विकल्पों ने इसकी स्थिति को अनिश्चित बना दिया है।

हालांकि उत्तरी तमिलनाडु में इसकी कुछ हद तक पकड़ मजबूत बनी हुई है, लेकिन व्यापक विपक्षी विमर्श को आधार देने के लिए आवश्यक एकजुटता का अभाव है। जैसा कि लक्ष्मणन बताते हैं, पीएमके वोट जुटा सकती है, लेकिन उन्हें एकजुट नहीं कर सकती। राज्य की भीड़भाड़ वाले राजनीतिक मंच पर अब अभिनेता विजय ने कदम रख दिया है, जिनका राजनीति में आना उत्साह और उथल-पुथल, दोनों का मेल है। अलग-अलग तबकों में जबरदस्त लोकप्रियता रखने वाले विजय एक नई राजनीतिक ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि, उनका शुरूआती असर शायद बिखरा हुआ ही रहने वाला है। उनके समर्थकों का आधार काफी हद तक डीएमके-विरोधी मतदाता वर्ग से मेल खाता है, जिससे अलग-अलग सीटों पर सत्ता-विरोधी वोटों के बंट जाने की संभावना बढ़ जाती है। जैसा कि डीएमके के प्रवक्ता सेलम धरणीधरन बताते हैं, विजय को अगर पांच से आठ फीसद वोट भी मिल जाते हैं, तो वे दर्जनों सीटों के नतीजों को बदल सकते हैं: अपनी छाप छोड़ने के लिए उन्हें किसी जबरदस्त जीत की जरूरत नहीं। फिलहाल, विश्लेषकों का मानना है कि विजय डीएमके के लिए खतरा कम, बल्कि उसके विरोधियों के लिए नई उलझन ज्यादा हैं।विपक्ष की आंतरिक फूट सत्ताधारी गठबंधन की आपसी एकता के बिल्कुल विपरीत है। डीएमके ने, कांग्रेस और सीपीआई (एम) जैसी वामपंथी पार्टियों के साथ मिलकर, न केवल अपने गठबंधन को एकजुट रखा है, बल्कि उसे और मजबूत भी किया है। डीएमके और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर शुरूआती मतभेद, जो अक्सर गठबंधन की राजनीति में टकराव का कारण बनते हैं, बातचीत से सुलझा लिए गए; दोनों ही पक्षों ने अपनी-अपनी अधिकतम मांगें रखने के बजाय एकता के महत्व को प्राथमिकता दी। सीपीआई (एम) ने भी बिना किसी सार्वजनिक विवाद के बातचीत को आगे बढ़ाया, जिससे एक अनुशासित और तालमेल वाले मोर्चे की छवि और मजबूत हुई। कांग्रेस नेता मनिकम टैगोर स्वीकार करते हैं कि मतभेद थे, लेकिन साथ ही इस पर भी जोर देते हैं कि दोनों पक्षों के बीच एक साझा समझ थी कि आपसी फूट का फायदा केवल विपक्ष को ही होगा। वामपंथी दल भी इसी व्यावहारिक सोच का समर्थन करते हैं; वे सीटों के बंटवारे को एक ऐसी समायोजन प्रक्रिया के तौर पर देखते हैं, जिसका मूल उद्देश्य एक व्यापक राजनीतिक लक्ष्य को हासिल करना है। इसके नतीजे साफ हैं। इस बहुदलीय मुकाबले में, अगर विपक्ष के वोट बंट जाते हैं, तो एक मजबूत गठबंधन, अपने स्थिर वोट शेयर के दम पर भी, आसानी से जीत हासिल कर सकता है। डीएमके को अपने विस्तार के लिए कोई बहुत बड़ा कदम उठाने की जरूरत नहीं। उसे बस अपनी जगह पर मजबूती से टिके रहना है, जबकि उसके विरोधियों में बचे वोटों की बंदरबांट होगी।

# भागदौड़ भरी जिंदगी में पीछे छूटती 'अप्रैल फूल बनाया' की परपंरा

**पवन वर्मा**

समय के साथ बहुत कुछ बदलता है। तकनीक, जीवनशैली, रिश्तों का स्वरूप और हमारी खुशियाँ मनाने के तरीके भी। इन्हीं बदलावों के बीच एक ऐसी परंपरा भी धीरे-धीरे धुंधली पड़ती जा रही है, जो कभी हमारी हंसी, शरारत और दोस्ती का सबसे प्यारा हिस्सा हुआ करती थी, अप्रैल फूल बनाया। एक अप्रैल आते ही जो उत्साह, योजना और मासूम शरारतों का दौर शुरू होता था, वह आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कहीं खो सा गया है। यह केवल एक दिन नहीं था, बल्कि एक एहसास था, दोस्ती का, हंसी का और बेफिक्र बचपन का।

एक अप्रैल क्यों बना अप्रैल फूल का दिन? अप्रैल फूल डे की शुरूआत को लेकर कई कहानियाँ प्रचलित हैं, लेकिन सबसे लोकप्रिय मान्यता 16वीं सदी के यूरोप से जुड़ी है। कहा जाता है कि पहले नए साल की शुरूआत 1 अप्रैल को हुआ करती थी। फ्रांस में 1564 में कैलेंडर में बदलाव हुआ, और नया साल 1 जनवरी से मनाया जाने लगा, तो कुछ लोग इस बदलाव को तुरंत स्वीकार नहीं कर पाए। वे पुराने तरीके से ही 1 अप्रैल को नया साल मनाते रहे। ऐसे लोगों का मजाक उड़ाने के लिए उन्हें फूल कहा जाने लगा और धीरे-धीरे 1 अप्रैल मजाक और शरारत का दिन बन गया।

समय के साथ यह परंपरा दुनिया भर में फैल गई और भारत में भी खासकर बच्चों और युवाओं के बीच लोकप्रिय हो गई।

**मासूमियत भरी शरारतों का दिन**

अप्रैल फूल का असली मजा उसकी मासूमियत में था। इसमें किसी को चोट पहुंचाना या अपमानित करना नहीं होता था, बल्कि हंसी-ठिठोली के जरिए रिश्तों में मिठास घोलना होता था।

यह वह दिन होता था जब छोटे-छोटे झूठ भी मजेदार लगते थे, जब कोई किसी को बेवकूफ बनाता था और फिर हंसते हुए कहता अप्रैल फूल बनाया!

इस एक वाक्य में जितनी खुशी और अपनापन छिपा होता था, वह शायद आज के महंगे मनोरंजन में भी नहीं मिल पाता।

**सिनेमा में भी बसा अप्रैल फूल**

अप्रैल फूल की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हिंदी सिनेमा में भी इस पर गीत बने। खास तौर पर 'अप्रैल फूल बनाया...' गीत आज भी लोगों की जुबान पर है। यह गीत उस दौर की मासूम शरारत और प्यार से भरे मजाक की अभिव्यक्ति थी, जिसमें नाराजगी तो होती है, लेकिन उसमें भी एक मिठास छिपी होती है। यह गाना बताता है कि मजाक और भावनाएं किस तरह साथ-साथ चलती हैं। थोड़ा गुस्सा, लेकिन उससे ज्यादा अपनापन। अगर 1990 के दशक की बात करें, तो अप्रैल फूल एक दिन नहीं, बल्कि एक पूरा मिशन हुआ करता था।

## विचार

# मोदी सरकार में नक्सलवाद से मुक्त भारत का सपना हो रहा साकार

**मोहनलाल बड़ौली**

**यशस्वी प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृहमंत्री अमित शाह जी के शक्तिशाली नेतृत्व में नक्सलवाद मुक्त मुहिम ने ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित करते हुए इतिहास रच दिया हैं।कांग्रेस के शासन में माओवादी विचारधारा फैली। इंदिरा गांधी के राजनीतिक स्वार्थ से नक्सल फैला। शाह जी ने इतिहास, भूगोल और आंकड़ों के जरिए नक्सली विचारधारा की जड़ों पर करारा प्रहार किया। अमित शाह जी ने देश के अंदर से नक्सलवाद के खात्मे के लिए 31 मार्च की समयसीमा तय की है। अब यह डेडलाइन करीब आ गई है। इस समयसीमा के ठीक एक दिन पहले लोकसभा में इस दिशा में किए गए सार्थक प्रयासों पर चर्चा हुई इस दौरान देश के ग्रहमंत्री ने प्रेरणास्त्रोत संबोधन करते हुए लोकसभा में नक्सलवाद के मुद्दे पर नियम 193 के तहत चर्चा की । नक्सलवाद के मुद्दे पर लोकसभा में बोलते हुए अमित शाह जी ने काह कि रेड कॉरिडोर में गिने जाने वाले 12 राज्य और आदिवासियों की ओर से आपका चर्चा के लिए धन्यवाद देता हूं। वे सालों से चाहते थे कि यह व्यवस्था एकबार संसद में उजागर हो और पूरी दुनिया उसको जाने। मगर लंबे समय तक उसको मौका नहीं दिया गया।अमित शाह जी ने लोकसभा में कहा कि नक्सलवाद की जड़ें खत्म हो रही हैं और आदिवासियों की आवाज अब संसद तक पहुंची है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने समस्या को बढ़ने दिया। मोदी सरकार के फैसलों से हालात बदले हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल विचारधारा आदिवासियों को गुमराह करती है और अब देश नक्सलवाद मुक्त बनने की ओर बढ़ रहा है।लोकसभा में नक्सलवाद पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने कहा कि



रेड कॉरिडोर के 12 राज्यों और आदिवासी समाज की ओर से वह इस बहस के लिए धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी वर्षों से चाहते थे कि उनकी स्थिति संसद में उठे और पूरी दुनिया सच्चाई जाने, लेकिन उन्हें लंबे समय तक यह मौका नहीं मिला। अब उनकी आवाज राष्ट्रीय स्तर पर पहुंची है।अमित शाह जी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कई आदिवासी सांसद वोट के लालच में कांग्रेस के साथ खड़े रहे, लेकिन उन्होंने अपने समाज के विकास के लिए क्या किया, यह सवाल आज भी खड़ा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने खुद माना था कि माओवादी हिंसा देश की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती है, लेकिन उस समय कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

अमित शाह जी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी क्षेत्रों में विकास नहीं पहुंचाया गया, जिससे वहां असंतोष बढ़ा। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों की कमजोरी के कारण ही नक्सलवाद ने जड़ें मजबूत कीं।उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद कई बड़े फैसले हुए। उन्होंने धारा 370 और 35ए हटाने, राम मंदिर निर्माण, जीएसटी लागू करने और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने जैसे फैसलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन 12 वर्षों में देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत हुई है।अमित शाह ने कहा कि अब नक्सलवाद से मुक्त भारत का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की मजबूत नीतियों और सुरक्षा बलों की कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने इसे देश के लिए एक बड़ा बदलाव बताया।गृह मंत्री जी ने कहा कि ये जो हथियारी मूवमेंट के वकील बने हुए हैं, कहते हैं हमारे साथ अन्याय हो रहा है। अन्याय हो रहा है तो उसके लिए व्यवस्थाएं बनी हैं। अदालतें बनी हैं। हथियार उठा लोगे। संविधान को नहीं मानोगे। ऐसा नहीं चलेगा। ये नरेंद्र मोदी की सरकार है। जो भी हथियार उठाएगा, उसका यही अंजाम होगा। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर में लाल आतंक की परछाई थी, इसलिए वहां विकास नहीं पहुंचा।

अमित शाह ने कहा कि 70 में से 60 साल तो सरकार कांग्रेस की रही। फिर क्यों विकास नहीं हुआ। आपने क्यों नहीं किया विकास आज आप हिसाब मांग रहे हो। मैं पूरा बताऊंगा। वहां करोड़ों लोग गरीबी में वर्षों तक जीते रहे, किसी ने चिंता नहीं की। 20 हजार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए और उन तक विकास नहीं पहुंचा। कौन जिम्मेदार है। क्या देश की सबसे बड़ी पंचायत को इस पर चिंतन नहीं करना चाहिए। नक्सलवाद का मूल कारण विकास की डिमांड नहीं, एक आइडियोलॉजी है। जिसे एक राष्ट्रपति चुनाव के कारण इंदिरा गांधी ने स्वीकार कर लिया। मातृभूमि के चरणों में समर्पित मोदी सरकार, हर प्रकार से नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# सदैव मंगलकारी प्रभु श्रीराम के परमभक्त पवनपुत्र हनुमान

**अंजनी सक्सेना**

**बजरंगबली** पवन पुत्र हनुमान सदैव मंगलकारी एवं सभी प्रकार के विघ्न बाधाओं को समूल नष्ट करने वाले हैं। वे प्रभु श्रीराम के परमभक्त हैं और रामकाज के लिए हर पल सदैव तत्पर रहने वाले हैं, उनके कार्य को अंजाम दिए बिना वे विश्राम ही नहीं कर सकते। श्री हनुमान जी परम वीर हैं। लंकादहन के समय स्वयं लंकाधिपति रावण हनुमान जी का रौद्र विकराल विग्रह को देखकर वितर्क करता है कि यह देवराज वज्रधर महेंद्र भले हो सकता है, साक्षात-यम, वरुण, पवन अथवा विश्व को भस्म करने में समर्थ भयंकर प्रलयाग्नि सूर्य, कुबेर या चन्द्र हो सकता है, किंतु निश्चय ही यह वानर नहीं साक्षात काल ही है। यही नहीं, इस विश्व में कोई भी ऐसा कठिन कार्य नहीं है, जिसे हनुमान जी न कर सकें। हनुमान जी राम के परम भक्त हैं। उन्होंने राम के परमधाम गमन के समय कथा श्रवण के लिए चिरंजीवी होने का वरदान मांगा था- *यावद रामकथा वीर चरिष्यति मही तले। तावच्छरीरे वत्स्यन्तु प्राण मम न, संशय।। 'यशचैतरचरितं दिव्यं कथा के रघुनंदन तन्ममाप्सरसो राम श्रावये पुर्नरर्षभ।।* भगवान श्रीराम ने भी हनुमानजी को हृदय से आशीर्वाद दिया- *चरिष्यति कथा यावदेषा लोके च मामिका।

तावत ते भविता कीर्तिः।।* अर्थात हे कपिश्रेष्ठ। जब तक इस संसार में मेरी कथा प्रचलित रहेगी तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी और तुम सशरीर जीवित रहोगे। रामायण रूपी महामाला के अनुपम रत्न के रूप में भी श्री हनुमानजी को अंकित किया गया है- *गोष्पदी कृत वारीशं मशकी कृत राक्षसम, रामायण महामाला रत्न वन्देऽनिलात्मजम।। समुद्र लांघते समय समस्त प्राणियों को हनुमानजी महान पर्वत के समान विशालकाय, स्वर्ण वर्ण सूर्य के समान मनोहर मुखवाले और महान सर्पराज के समान सुदीर्घ भुजाओं वाले दिखाई देने लगे। समुद्रलंघन के समय जामबंत ने वानर सेना के श्रेष्ठ श्री हनुमान जी से कहा- 'वानर जगत के गौरव तथा सम्पूर्ण ज्ञात वेत्ताओं में श्रेष्ठ हनुमान तुम एकांत में चुपचाप क्यों बैठे हो? कुछ बोलचाल क्यों नहीं करते। तुम तो वानरराज सुग्रीव के समान पराक्रमी तथा बल में श्रीराम और लक्ष्मण के तुल्य हो।

# नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई

**सुनील कुमार महला**

**नक्सलवाद** भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए लंबे समय से एक गंभीर चुनौती रहा है। यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि गहरे सामाजिक-आर्थिक असंतुलन से जुड़ी समस्या भी है। पाठकों को बताता चलूं कि नक्सलवाद मूलतः माओवाद की विचारधारा से प्रभावित है, जिसकी प्रेरणा माओ त्से तुंग से मिलती है। यह विचारधारा सशस्त्र क्रांति के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को समाप्त करने में विश्वास रखती है। इसी कारण इसे 'वामपंथी उग्रवाद' (लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज्म-एलडब्लयूई) भी कहा जाता है। वास्तव में, नक्सलवाद की शुरूआत वर्ष 1967 में नक्सलबाड़ी से हुई थी।

यह एक उग्र वामपंथी आंदोलन है, जो मुख्यतः आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों में सक्रिय रहा है। नक्सली संगठन सामाजिक असमानता, भूमि अधिकारों, गरीबी और शोषण के खिलाफ संघर्ष का दावा करते हैं, लेकिन अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हिंसक तरीकों का सहारा लेते हैं। इसके प्रमुख कारणों में गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा प्रशासनिक उपेक्षा शामिल रहे हैं।

यह समस्या विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करती रही है और साथ ही निर्दोष नागरिकों एवं सुरक्षा बलों के लिए गंभीर खतरा भी बनी है। हालांकि, हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 30 मार्च 2026 सोमवार को लोकसभा में यह बात कही है कि कि देश में वामपंथी उग्रवाद अपने अंतिम चरण में है और बस्तर, जो कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था, अब लगभग पूरी तरह मुक्त हो चुका है। सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस'(शून्य सहनशीलता) नीति अपनाते हुए सुरक्षा बलों-जैसे कोबरा, सीआरपीएफ और डीआरजी को सक्रिय रूप से तैनात किया है। इसके साथ ही विकास को बढ़ावा देने के लिए 12,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण, 580 से अधिक फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशनों की स्थापना और हजारों मोबाइल टावर लगाए गए हैं। बस्तर क्षेत्र में अब गांवों में स्कूलों और राशन की दुकानों का विस्तार किया जा रहा है, जो सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है।

## न्यूज फ्लैश

### सड़क हादसे में कार सवार मैकेनिक की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में असंध-जींद मार्ग पर बाहरी-मूंड के बीच नेशनल हाईवे-709 पर एक सडक हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई।
मृतक की पहचान गांव पॉपड़ा के 18 वर्षीय राहुल के रूप में हुई है। राहुल असंध में प्रदीप नामक युवक के कार गैराज पर काम करता था और वाहन मरम्मत का कार्य करता था। सोमवार को एक कार गैराज पर ठीक होने के लिए आई थी। राहुल उसी कार को लेकर अपने घर की ओर जा रहा था। रात करीब साढ़े 10 बजे जब वह बाहरी-मूंड के पास पहुंचा, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी कार को टक्कर मार दी। हालांकि गैराज मालिक का कहना है कि राहुल उसके पीछे से कार लेकर गया।
टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वह सडक किनारे पेड़ से जा टकराई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल राहुल को गंभीर हालत में असंध के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन आज करीब 11 बजे उसने दम तोड़ दिया।
हादसे के बाद आरोपी ट्रक ड्राइवर अपना वाहन मौके पर छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने शव मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। क्षतिग्रस्त वाहनों को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी ड्राइवर को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गोवंशों के हत्याकांड में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के इंद्री थाना क्षेत्र में गौ तस्करी कर गोवंशों की हत्या कर उनके अवशेष नहर में डालने के मामले में पुलिस ने गिरोह के चौथे सदस्य को गिरफ्तार किया है। नहर की पटरी पर गोवंश को काटकर उनके अवशेष फेंकने की घटनाओं के बाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुरूक्षेत्र जिले के गांव बबैन निवासी चांद पुत्र धन सिंह के रूप में हुई है। इस मामले में पहले 3 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर चौथे आरोपी को पकड़ा गया।
पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कडि?ां जोड? में जुटी है। इस मामले में 3 से 4 और आरोपी हैं, जो अभी फरार चल रहे है। पुलिस उनको भी पकड? के लिए यूपी में छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्दी ही सभी आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। वहीं चौथे आरोपी को भी पुलिस ने आज कोर्ट में पेशकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।
जिला पुलिस की सीआईए.1 टीम ने यह कार्रवाई इंचार्ज इंस्पेक्टर संदीप सिंह के नेतृत्व में की। एएसआई राजीव कुमार की टीम ने सूचना के आधार पर कुरूक्षेत्र जिले के गांव बबैन निवासी चांद पुत्र धन सिंह को गिरफ्तार किया।
आरोपी इस गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया जा रहा है। इससे पहले पुलिस आजम, नवाब और शहजाद को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर चुकी है। कोर्ट से तीनों का 5 दिन का पुलिस रिमांड मिला था। रिमांड के दौरान हुई गहन पूछताछ में चांद का नाम सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी।
प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि चांद आसपास के क्षेत्रों से गोवंश एकत्रित कर अपने साथियों को सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। टीम पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है, ताकि इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।
सीआईए इंचार्ज संदीप ने बताया कि इस गंभीर मामले की जांच एसपी करनाल द्वारा सीआईए-1, सीआईए-2 और सीआईए-3 को सौंपी गई थी। तीनों टीमों ने लगातार मिलकर काम किया था, जिसके चलते बिते मंगलवार शाम की शाम को यूपी निवासी तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 दिन के रिमांड हासील कर पूछताछ.की गई।

# आंगनवाड़ी वर्कर्स-हेल्पर्स का प्रदर्शन

## कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लंबित मांगों को पूरा करने की मांग उठाई

**प्रदर्शन**
सरकार के खिलाफ की नारेबाजी बोली-चार महीने बाद भी आश्वासन अधूरे, स्थायी दर्जा मांगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। इसके बाद उन्होंने एमपी कार्यालय पहुंचकर केंद्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लंबे समय से मांगें लंबित हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।
प्रदर्शन की अगुवाई कर रही बिजनेस राणा और जगपाल राणा समेत अन्य नेताओं ने बताया कि यह प्रदर्शन जवाब मांगो नोटिस के तहत किया गया है। उन्होंने कहा कि 3 दिसंबर 2025 को समाज कल्याण विभाग की मंत्री अन्नपूर्णा के साथ यूनियन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। उस दौरान मंत्री ने कई मांगों को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया था।
नेताओं ने कहा कि मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आंगनवाड़ी वर्कर्स को अच्छी गुणवत्ता के मोबाइल फोन देने और वेतन बढ़ाने की बात कही थी। साथ ही एक कमेटी बनाकर इस पर चर्चा करने का भरोसा भी दिया गया था, लेकिन 4 महीने बीत जाने के बाद भी कोई परिणाम सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि आश्वासन सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित रह गया है।
प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 4 लेबर कोड को रद्द किया जाए और आईटीडीएस को स्थायी बनाया जाए। उनका कहना है कि आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स इस विभाग की नींव हैं, लेकिन उन्हें ही स्थायी दर्जा नहीं मिला है। उन्होंने मांग की कि वर्कर्स को तृतीय श्रेणी और हेल्पर्स को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए।
उन्होंने हरियाणा सरकार से ग्रेच्युटी देने की मांग भी उठाई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उनसे अतिरिक्त काम न करवाया जाए, ताकि वे अपने मूल कार्य पर ध्यान दे सकें। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वे एमएलए और एमपी के माध्यम से अपनी बात केंद्रीय मंत्री तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## भाजपा शासन में ग्रामीण विकास को भी मिल रही प्राथमिकता: नेपाल सिंह राणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 31 मार्च (कुलदीप सैनी)** : विधानसभा क्षेत्र के गांव नाहरपुर में गांव से स्कूल तक जाने वाले मार्ग के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने नारियल फोड़कर इसका शुभारंभ किया। इस मार्ग के बनने से गांव के बच्चों और ग्रामीणों के आवागमन में आसानी और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।
इस अवसर पर नेपाल सिंह राणा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है और वर्ष 2047 तक विकसित हरियाणा का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में चेयरमैन रूपींदर सिंह मल्ली, सुरेंद्र चीमा, हरपाल सैनी, अजय कुमार, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने भाई कन्हैया आश्रम का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (शुभम खटक)**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदिया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने मंगलवार को स्थानीय भाई कन्हैया आश्रम का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद दिव्यांग एवं अन्य से बातचीत की साथ ही आश्रम के प्रयासों की सराहना की।

## भाजपा सरकार में हर वर्ग दुखी: पराग गाबा

**आरोप**
सरकार की नीतियों के कारण आदमी की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी अध्यक्ष पराग गाबा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान समय में हर वर्ग महंगाई से त्रस्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है।
उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी और कर्मचारी हर वर्ग इस सरकार से दुखी हैं। बढ़ती महंगाई ने गरीब आदमी की कमर तोड़ दी है और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि रुपये की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। उनके अनुसार 1 मार्च को डॉलर 91.06 रुपये था, जो अब बढकर 94.86 रुपये तक पहुंच गया है। पराग गाबा ने सरकार द्वारा पेट्रोल पर 10 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटाने की घोषणा को केवल दिखावा बताया। उनका कहना है कि भारत लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है और इसका भुगतान डॉलर में किया जाता है। ऐसे में डॉलर के महंगा होने से तेल की कीमतें स्वतः बढ़ जाती हैं और राहत का प्रभाव खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि 2008 के वैश्विक आर्थिक संकट के समय भी भारत ने चुनौतियों का सामना किया, लेकिन तब आर्थिक प्रबंधन मजबूत था। निर्यात बढ़ाने, संतुलित खर्च और ठोस नीतियों के जरिए देश को संभाला गया। आज जरूरत है उसी दूरदर्शिता और मजबूत नेतृत्व की। उन्होंने कहा कि सरकार को बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए उचित कदम उठाने चाहिएं, ताकि आम आदमी को राहत मिल सके। इस अवसर पर बिंदर पोसवाल, जोगिन्द्र वाल्मीकि, दीपक चौधरी, गुरमीत सिंह, प्रवीन पुनिया और विक्रम काजल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुकानदार को चाकू दिखाकर कैश लूटने की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के तरावड़ी क्षेत्र में दिनदहाड़े एक दुकान पर तीन हथियारबंद बदमाशों ने लूट की कोशिश की। बदमाश चेहरे ढककर आए और दुकानदार को चाकू दिखाकर कैश लूटने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग इक्का हो गए, जिसके बाद आरोपी मोबाइल छीनकर मौके से फरार हो गए। जाते समय बदमाशों ने दुकानदार को घायल भी कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।
तखाना के अजय कुमार पुत्र कपूर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 30 मार्च को करीब 1.30 बजे अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान तीन बदमाश प्लेटिना बाइक पर आए। तीनों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। आते ही एक बदमाश ने उनकी गर्दन पर चाकू रख दिया और गल्ले से पैसे निकालने की कोशिश की।
अजय कुमार ने बताया कि उन्होंने शोर मचा दिया, जिससे मार्केट के लोग इक्का होने लगे। भीड़ को आता देख तीनों बदमाश मौके से भागने लगे। भागते समय वे उनका वीवो वाई 29 मोबाइल फोन छीनकर ले गए। साथ ही बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।शिकायतकर्ता के अनुसार बदमाश जाते समय उनकी दाईं टांग पर चाकू मारकर घायल कर गए।

## विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत अध्यक्ष को भेंट की महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हर घर वाल्मीकि रामायण अभियान के संयोजक एवं जिले के समौरा गांव निवासी तेजिंद्र सिंह तेजी व धर्म अनुयायियों ने विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश पवन कुमार को गांव समौरा आगमन पर रामायण भेंटकर अभियान को गति दी।
पूर्व न्यायाधीश पवन कुमार ने कहा कि इस तरह के अभियान की समाज में बहुत जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह मानव जन्म परमपिता परमात्मा की आराधना करने के लिए भी है। अपने जीवन के व्यस्त पलों में से भी समय निकालकर परमात्मा को याद करके उसकी अनुकंपा का पात्र बनें। पाप व बुराईयों से बचकर रहें। जिस घर में रामायण पाठ करवाए जाते हैं, उनमें सदस्यों के आचरण व व्यवहार को देखकर सीख ले सकते हैं। उनके मनों में शांति व धैर्य मिलेगा और वे किसी की बुराई नहीं करते। सामाजिक उत्थान के लिए शिक्षा भी बहुत जरूरी है। आज के विद्यार्थी रामायण के प्रसंगों एवं संस्मरणों से गहन विज्ञान के गूढ़ रहस्यों के बारे में शोध को लेकर प्रेरित हो सकते हैं।उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी की शिक्षाओं का अनुशरण करने का संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण युगों-युगों से मानव जाति को ज्ञान व दिशा प्रदान कर रही है और हमेशा करती रहेगी। विश्व का सबसे प्राचीन महाकाव्य आज भी सभी को प्रेरणा दे रहा है।
अभियान के संयोजक तेजिन्द्र सिंह तेजी ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत गत वर्ष 6 मार्च को केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल के नई दिल्ली स्थित आवास से की गई थी। तब से इस अभियान को देश विदेश में चलाया जा रहा है। आज के समय में युवाओं को शिक्षित होने के साथ-साथ अध्यात्म में भी मन लगाना चाहिए। इससे वे सामाजिक बुराईयों से बचे रहेंगे और उन्हें सही दिशा मिलने से जीवन में प्रगति की ओर बढ़ते जाएंगे। व्यक्तित्व प्रभावशाली बनेगा और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## गेहूं सीजन व भंडारे को लेकर अनाज मंडी एसोसिएशन ने की बैठक




**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 31 मार्च (कुलदीप सैनी)** : अनाज मंडी एसोसिएशन की बैठक प्रधान कर्मवीर खुर्दबन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में गेहूं के सीजन में आने वाली समस्याओं व सात अप्रैल को आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं मंडी की दोनों एसोसिएशन को एक करने के लिए 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पूर्ण चंद, ऋषिपाल, राजेश कांबोज, सतीश सैनी, संजय, करनैल सिंह, प्रवीण जयपुर, राहुल संधाला, कर्मवीर खुर्दबन, प्रदीप आर्य, सुशील बत्रा व राजेंद्र मेहता को शामिल किया गया। मंडी के पूर्व प्रधान राजेश कांबोज ने कहा कि यह कमेटी अनाज मंडी के हितों के लिए सभी आढ़तियों को एकजुट करने का कार्य करेगी। इस अवसर पर दीपक मेहता, सुमेर चंद, विकास कुमार, बलिंद्र सैनी, नरेश बुबका, मदन सैनी, बलबीर प्रजापति, मनोहर लाल, प्रवीन सैनी, दिनेश राणा, आशु आहूजा, मोहन प्रजापति, नरेंद्र कुमार, पवन ठसका, राकेश, रामकुमार कांजनू, जगमाल बरसान, राकेश राझेडी इत्यादि मौजूद रहे।

### जिओ और जीने दो की राह पर चले विश्व : सचिन जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी(दिनकर गावड़ी):**
तेरापन्थ युवक परिषद हांसी के मीडिया प्रभारी व आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में सभी को बधाई देते हुए कहा कि आज जिस प्रकार के हालात विश्व में बने हुए है ऐसे में सभी को भगवान महावीर के जिओ और जीने दो की राह पर चल कर शांति लाने का प्रयास करना चाहिएआज इंसान ही इंसान का दुश्मन बनता जा रहा है और निरंतर हिंसा बढ़ रही है और जिसके लिए हर पक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे है

## फायरिंग मामले में दो अज्ञात युवकों के विरुद्ध केस दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 31 मार्च (कुलदीप सैनी)** : सोमवार की देर रात जठलाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री के बाहर हुई फायरिंग के मामले में जठलाना पुलिस ने फैक्ट्री कर्मचारी की शिकायत पर दो अज्ञात युवको के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस को मौके से आठ खोल भी बरामद हुए है। जिन्हें कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हमलावरों द्वारा की गई फायरिंग में दो गोलियां फैक्ट्री के लोहे के मुख्य गेट को भेदते हुए अंदर खड़े एक ट्रक से जा टकराईं। एक गोली ट्रक की हेडलाइट पर लगी, जबकि दूसरी ट्रक के अन्य हिस्से में धंस गई। हमलावरों की धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन टीमें कार्य कर रही है और मुख्य मार्ग व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। आसपास के लोगों से भी बातचीत की जा रही है। ताकि हमलावरों तक पहुंचने का कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। थाना प्रभारी अमित ने बताया कि हमलावरों की पहचान के लिए टीमें लगी हुई है। हमलावर ज्यादा समय तक बच नहीं पाएगें।
पुलिस को दी शिकायत में पुराना हमीदा निवासी नवजोत ने बताया कि वह करीब चार साल से ट्रेनोक्स लेमिनेट कंपनी में कार्य करता है। रात्रि करीब 10 बजे वह फैक्ट्री के गेट के सामने सिक्योरिटी रूम में बैठा हुआ था। उसी समय दो नौजवान लड़के बाइक पर आए। उन्होंने काले कपड़े से अपना मुंह ढका हुआ था। हाथ में वह हथियार लिए हुए थे। वहां आते ही उन्होने फैक्ट्री के गेट पर फायरिंग शुरू कर दी और लगभग आठ राउंड फायर किए। जिसके बाद वह यमुनानगर की ओर वापिस भाग गए। गनीमत यह रही कि गोली किसी कर्मचारी को नहीं लगी। लेकिन गोली चलने की आवाज सुनते ही वहां दहशत का माहौल बन गया। थाना प्रभारी अमित ने बताया कि मौके से आठ खोल बरामद हुए है। आरोपितों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे है। सीआईए वन, सीआईए टू व लोकल पुलिस मिलकर कार्य कर रही है।

# रामलला के दर्शन कर लौटे करनाल के तीर्थ यात्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर श्रद्धालु मंगलवार शाम सकुशल करनाल रेलवे स्टेशन पहुंचे। तीर्थयात्रियों के करनाल पहुँचने पर प्रशासन की ओर से उनका जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा रोडवेज के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने रेलवे स्टेशन पर पहुँच कर सभी तीर्थयात्रियों का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को यात्रा की बधाई दी।

### श्रद्धालुओं ने जताया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार

अयोध्या से लौटे तीर्थयात्रियों के चेहरों पर भक्ति और संतोष का भाव था। यात्रियों ने बताया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन का अनुभव अद्भुत और अविस्मरणीय रहा।
उन्होंने हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान रहने, खाने-पीने और सुरक्षा के बेहतरीन इंतजाम किए गए थे, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।
नायब को जय श्रीराम, मोदी को जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा करनाल रेलवे स्टेशन
मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या से जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर रुकी, श्रद्धालुओं ने पूरे जोश के साथ नायब को जय श्रीराम और मोदी को जय श्रीराम के नारे लगाए, जिससे माहौल पूरा भक्तिमय हो गया।

### यात्रियों के लिए की गई बसों की व्यवस्था

जीएम कुलदीप सिंह ने जानकारी दी कि स्टेशन से तीर्थयात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुँचाने के लिए रोडवेज की विशेष बसों का प्रबंध किया गया।

## ओवरलोड वाहन के विरुद्ध एंटी करप्शन सोसायटी ने की कार्रवाई की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 31 मार्च (कुलदीप सैनी)** : हरियाणा एंटी करप्शन सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट वरयाम सिंह ने क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों की बेखौफ आवाजाही को लेकर प्रशासन और सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिन-रात ओवरलोड वाहन चेक पोस्टों और नाकों से खुलेआम गुजर रहे हैं, जो प्रशासनिक मिलीभगत के बिना संभव नहीं है।
वरयाम सिंह ने कहा कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी निजी लाभ के लिए उपमंडल अधिकारी और जिला उपायुक्त के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहन सड़कों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण और सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन चुके हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई वाहनों की बॉडी अवैध रूप से बढ़ाकर अधिक माल ढोने लायक बनाई गई है। वरयाम सिंह ने सरकार से इस दिशा में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इससे सरकारी राजस्व बढ़ेगा और आम जनता को राहत मिलेगी।

## न्यूज फ्लैश

### सिरसा पुलिस ने लाखों रुपए की 28 ग्राम 364 मिलीग्राम हेरोइन बरामद कर, 3 युवकों को दबोचा



सिरसा(शुभम-खटक)-पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को लाखों रुपए की 28 ग्राम 364 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एबीवीटी स्टाफ सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि एबीवीटी स्टाफ सिरसा की एक पुलिस टीम सुरखाब चौक सिरसा की तरफ जारी थी। इस दौरान एक बाइक सवार युवक सामने से आता हुआ दिखाई दिया। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी युवक सतीश कुमार उर्फ नोनी पुत्र पवन कुमार निवासी गली नंबर 3 इंदिरा कॉलोनी सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्ज से 14 ग्राम 27 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई ।उन्होंने बताया कि वहीं एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम नहर पुल मलड़ी रोड़ रोड़ी की तरफ जा रही थी । इस दौरान बाइक सवार युवक सामने से आता हुआ दिखाई दिया । उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी युवक गुरप्रीत पुत्र गुरमीत सिंह निवासी गांव रोड़ी जिला सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्ज से 8 ग्राम 300 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । जबकि एक अन्य घटना में सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान वार्ड नंबर 13 रानियां के पास मौजूद थी । इसी दौरान गली की तरफ सामने से एक व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखाई दिया । उक्त व्यक्ति ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी व्यक्ति सुखवंत सिंह उर्फ सूखा पुत्र दर्शन सिंह निवासी वार्ड नंबर 13 को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 6 ग्राम 37 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । एबीवीटी प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर जांच संबंधित थानों को सौंपी गई है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियो से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

# धूमधाम से निकाली विश्व सम्राट श्री बालाजी महाराज की भव्य एवं अद्भुत शोभायात्रा

## मुख्य यजमान गोबिंद कांडा ने की ज्योति प्रज्जवलित

**मंगलगान**

**मंगलगान के साथ चार दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आरंभ हुआ**



**सिरसा (शुभम खटक)**
श्रीराम नाम प्रभात चेरिटेबल ट्रस्ट सिरसा ( श्री सालासर धाम मंदिर सिरसा ) की ओर से आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को विश्व सम्राट श्री बालाजी महाराज की भव्य एवं अदभुत शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार को मंगलगान के साथ चार दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आरंभ हुआ। पहले दिन सिरसा में विश्व सम्राट श्री बालाजी महाराज की भव्य एवं अद्भुत शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा का शुभारंभ बेगू रोड स्थित महाराजा अग्रसेन स्कूल परिसर से हुआ। जहां पर श्री बालाजी महाराज के दरबार में मुख्य यजमान गोबिंद कांडा ने शीश नवाया। उन्होंने ज्योति प्रज्जवलित करते हुए पूजा अर्चना की। पंडित जलराम शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा संपन्न करवाई। पूर्व गृहराज्यमंत्री गोपाल कांडा के अनुज श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा ने बतौर मुख्य यजमान ज्योति प्रज्जवलित कर व पूजा अर्चना करते हुए धर्मध्वजा दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। रजतमयी छत्र का पूजन महाराजा अग्रसेन चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान अनिल गनेरीवाला ने किया, जबकि रथ पूजन उपप्रधान भीम सर्राफ द्वारा सम्पन्न हुआ। रजतमयी ध्वजा पूजन कुंज बिहारी रातुसरिया व सुनील सर्राफ की उपस्थिति में किया गया। शोभायात्रा में बालाजी महाराज का दिव्य रथ आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां, शहनाई वादन, रास नृत्य, पुष्प वर्षा और भव्य आतिशबाजी ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अनेक श्रद्धालु नंगे पैर धर्म ध्वजा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए । इसके बाद गोबिंद कांडा ने श्रद्धालुओं को ध्वजा प्रदान की। इस दौरान गोबिंद कांडा ने कहा कि सिरसा धर्मनगरी है और यहां पर सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाते हैं। कांडा ने कहा कि धर्मनगरी सिरसा धार्मिक आयोजनों में सर्वोपरि है यह हमारा सौभाग्य है। जगह जगह पर देवी देवताओं की झांकियों पर पुष्प वर्षा की गई। श्री बालाजी के दरबार के समक्ष शीश नवाने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

महाराजा अग्रसेन स्कूल से शुरू हुई यह शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री सालासर मंदिर धाम में जाकर संपन्न होगी। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। शोभायात्रा के दौरान जयश्री राम, जय हनुमान, जय बालाजी के जयघोष ने पूरा आसमान गूंजा दिया। हजारों महिला और पुरूष श्रद्धालु हाथों में धर्म ध्वजा लिए शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में भक्ति की ऐसी गंगा बहती रही थी जिसमें श्रद्धालु भक्तिरस में डूबकी लगाते रहें। इस शोभा यात्रा के दौरान प्रस्तुत की गई झांकियां और कलाकारों द्वारा किए गए नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिरसा में जगह जगह पर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने जगह जगह पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और जलपान की व्यवस्था की गई थी।

शोभा यात्रा की अगुवाई धैर्य कांडा, गोपाल सर्राफ, पदम बंसल, अनिल गानेरीवाला, कृष्ण गुंबर, हेमकांत शर्मा, प्राचार्या जपनीत कौर, उप प्राचार्या शिवा गुप्ता, संजय साहुवाला, आशा रानी गनेरीवाला, संजय साहुवाला, लक्ष्मण गुज्जर, विजय यादव, नवधीश गर्ग, पंकज सर्राफ, पंकज गोयल, अंजनी कनोडिया व इंद्रोष गुज्जर आदि कर रहे थे।

# हरियाणा में बढ़ता प्रदूषण और घटती हरियाली, जवाबदेही की जरूरत: सैलजा



**सिरसा (रणबीर खटक)**
सिरसा से लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने हरियाणा में लगातार बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण और घटती हरियाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर बड़े-बड़े दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा में वन क्षेत्र में कमी आई है और करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद लगाए गए पौधों का बड़ा हिस्सा जीवित नहीं रह पाया। यह स्थिति दशार्ती है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीर खामियां हैं और निगरानी व्यवस्था भी कमजोर है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि कई जिलों में हरियाली की स्थिति चिंताजनक है, जहां लगाए गए पौधों का बहुत कम प्रतिशत ही जीवित है। इससे साफ है कि पर्यावरण संरक्षण केवल कागजों और बयानबाजी तक सीमित रह गया है। उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही और जवाबदेही की कमी का परिणाम बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिस विभाग पर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी है, वहीं पर अनियमितताओं और घोटालों की खबरें सामने आ रही हैं। वन विभाग में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं, जिससे जंगलों की सुरक्षा और निगरानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अवैध कटाई की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं।

नदियों और नालों के प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई स्थानों पर लोगों को दूषित पानी मिल रहा है, जो सीधे तौर पर स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

उन्होंने मांग की कि जल स्त्रोतों की नियमित जांच हो और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# भाकियू ने की उड़ीसा में किसान नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन की हरियाणा इकाई ने उड़ीसा में भाजपा सरकार द्वारा किसान नेता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। संगठन ने इसे किसान आंदोलन की आवाज को दबाने का प्रयास बताते हुए लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया है।

भाकियू हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राकेश टिकैत की गिरफ्तारी पूरी तरह से तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई है। देश का किसान अपने हक की आवाज उठा रहा है और सरकार उसे दबाने का काम कर रही है।

भारतीय किसान यूनियन इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से जल्द टिकैत को रिहा नहीं किया गया तो हरियाणा ही नहीं, पूरे देश में किसान सडकों पर उतरने को मजबूर होंगे। इसके लिए सरकार पूरी तरह जिम्मेदार होगी।

# एसपी दीपक सहारन ने पुलिस विभाग से सेवानिवृत होने वाले 10



**सिरसा(शुभम.खटक)**जिला पुलिस सिरसा में आज सेवानिवृत्त हुए 10 पुलिसकर्मियों के सम्मान में पुलिस लाइन स्थित प्रशासनिक भवन में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले पुलिस कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों ने मुख्य रुप से भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढाई । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पहुचें एसपी दीपक सहारन ने कहा कि सेवा निवृत हुए पुलिस कर्मियों ने अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष पुलिस विभाग में बिताकर समाज सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है । उन्होंने इस अवसर पर कहा कि पुलिस की नौकरी त्याग और समर्पण का भाव है तथा पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को अपनी इच्छाओं का त्याग कर अपने कर्तव्य तथा समाज सेवा को प्राथमिकता देनी होती है । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सेवा निर्वृत होने वाले पुलिस अधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार पुलिस विभाग में सराहनीय कार्य किया है,उसी तरह आगे के सामाजिक जीवन में भी अपने आप को कार्यशील रखें और समाज हित के कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि पुलिस की नौकरी जन सेवा का बेहतरीन माध्यम है पुलिस कर्मी घर से दुर रहते है,और विभिन्न परिस्थितियों में नौकरी करने का अवसर मिलता है,और अपने परिवार को कम समय दे पाते है । उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी अपने फर्ज के लिए सर्दी,गर्मी व बारिश के मौसम में खुद को समर्पित कर अपनी ड्यूटी का निर्वह कर आमजन को सुरक्षित माहौल प्रदान करता है,क्योकिं आमजन को सुरक्षित माहौल देने पुलिस की पहली प्राथमिकता है । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस कर्मी की जंहा भी ड्यूटी लगे वहां पर अपनी बेहतरीन उपस्थिति दर्ज करवा कर सराहनीय कार्य कर पुलिस विभाग की छवि के लिए काम करना चाहिए,ताकि लंबे समय तक उक्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारी की कार्य प्रणाली को लोग याद रखें । उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि जनसेवा का सशक्त माध्यम है, जिसमें समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की विशेष आवश्यकता होती है । इस अवसर पर एसपी दीपक सहारन ने सेवानिवृत्त कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में सराहनीय कार्य कर विभाग का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा के दौरान कर्मियों को अक्सर कठिन परिस्थितियों में

# यदि शासक भगवान महाबीर के रास्ते पर चलें तो राम राज संभव : संगीत श्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महा जैन साध्वी सुंदरी देवी जी की परम शिष्या संगीत श्री महाराज ने कहा है कि आज के दौर में भगवान महाबीर के बताए रास्ते पर चलकर विश्व को अशांति के दौर से मुक्ति दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि देश के शासक यदि भगवान महाबीर के बताए रास्ते पर चलें तो देश में राम राज लाया जा सकता है।



वह आज जैन स्थानक हनुमान गली में आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन कर रही थी। आज भगवान महाबीर जयंती उत्सव के साथ जैन साध्वी का 41वां दीक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान महाबीर के बाल स्वरूप को झूला झुलाया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नवीन जैन ने किया।

**प्रवचन**

**भगवान महाबीर के बताए रास्ते पर चलकर विश्व को अशांति के दौर से मुक्ति दिलाई जा सकती है**

इस अवसर पर संगीत श्री महाराज की शिष्या राखी जी महाराज और स्नेहा जी महाराज ने प्रवचन किए। कार्यक्रम में प्रचरण जैन सुधा जैन और पवन जैन ने भजन प्रस्तुत किए। प्रधान अशोक जैन, नवीन जैन, सतीश जैन, इंदर जैन, अशोक जैन कैशियर, महेंद्र जैन, एसएस जैन सभा सैक्टर चौदह के प्रधान सुरेंद्र जैन, विक्की जैन, ग्रौतम जैन, कृष्ण जैन, वीरेश जैन, रिषू जैन, रमन जैन, गोगी जैन, नीतू जैन सहित विभिन्न लोग मौजूद रहे।

# जांट गांव के पवन कौशिक को मिला बेस्ट स्क्रीन प्ले अवॉड

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । गांव जांट के युवा फिल्ममेकर पवन कौशिक ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बेस्ट स्क्रीन प्ले अवॉर्ड हासिल किया है। उन्हें यह सम्मान उनकी शॉर्ट फिल्म पहिया के लिए प्रदान किया गया। यह फिल्म महोत्सव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश से आई कई फिल्मों का चयन किया गया था। चयनित फिल्मों में से उत्कृष्ट कृतियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया, जिसमें पवन



कौशिक की फिल्म पहिया ने बेस्ट स्क्रीन प्ले का अवॉर्ड जीता। पवन कौशिक ने बताया कि उनकी यह शॉर्ट फिल्म एक मूक (साइलेंट) फिल्म है, जिसमें पहिया को समय का प्रतीक दशार्या गया है। उन्होंने बताया कि जैसे पहिया निरंतर घूमता रहता है, उसी प्रकार मानव जीवन भी एक चक्र की तरह चलता रहता है। यह फिल्म ओम कौशिक फिल्म्स के बैनर तले बनाई गई है, जिसके प्रोड्यूसर उनके गुरु हरिओम कौशिक हैं।

## हनुमान जयंती पर्व पर होगा जागरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हनुमान जयंती पर्व पर डुलाना रोड़ स्थित श्री गोपाल गौशाला में नवनिर्मित मंदिर में मां अंजनी, नृसिंह भगवान व सिन्दुरी हनुमान की मूर्ति स्थापना हर्षोल्लास से की जाएगी। श्री गोपाल गौशाला प्रधान नवीन राव तथा बालाजी जनसेवक मंडल प्रधान प्रवीण दिवान ने बताया कि इस पावन अवसर पर एक अप्रैल को रात्रि 8.15 बजे भव्य जागरण प्रारंभ होगा व 12.15 बजे आरती की जाएगी। इस कार्यक्रम में पूर्व सीपीएस राव दान सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। दो अप्रैल को प्रातः 8.15 बजे कलश यात्रा तथा 11.15 बजे मूर्तियों की स्थापना व शाम 7.15 बजे प्रसाद वितरण होगा।

# गुरु जी हनुमान चौहान आएंगे श्री तारकेश्वरम धाम

**सिरसा(शुभम खटक)**
उत्तर भारत के प्रमुख आध्यात्मिक एवं धार्मिक आस्था के केंद्र श्री तारकेश्वरम धाम में आगामी 10 व 11 अप्रैल को दो दिवसीय दिव्य हीलिंग एवं वेलनेस शिविर का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान के जोधपुर स्थित सुप्रसिद्ध केरू धाम के गुरु जी हनुमान चौहान इस शिविर में शिरकत करेंगे। शिविर के दौरान गुरु हनुमान चौहान द्वारा आस्थावान भक्तों की दीर्घकालिक मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक उलझनों के समाधान हेतु मार्गदर्शन करेंगे। यह जानकारी श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा ने प्रेस वार्ता में दी।



उन्होंने बताया कि शिविर के लिए श्री बाबा तारा जी चैरिटेबल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन एक अप्रैल से होगा। साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करवाया जा सकेगा। विगत 28 फरवरी को आयोजित इस प्रकार के शिविर में वंचित रह गए लोगों को शिविर का लाभ मिलेगा। साथ दोबारा भी जरूरतमंद लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकेंगे। श्री बाबा तारा जी कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा ने बताया कि श्री बाबा तारा जी कुटिया में समय समय पर धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। क्षेत्र के काफी भक्तों ने जोधपुर स्थित केरू धाम के गुरु जी हनुमान चौहान के

**मार्गदर्शन**

**भक्तों की दीर्घकालिक मानसिक, शारीरिक-आध्यात्मिक उलझनों के समाधान हेतु मार्गदर्शन करेंगे**

दिव्य हीलिंग एवं वेलनेस शिविर के पुनः आयोजन का निवेदन किया था। जिसके बाद केरू धाम के प्रमुख गुरु हनुमान चौहान से समय लिया गया। आगामी दस व ग्यारह अप्रैल को यह विशेष शिविर आयोजित होगा। श्री तारकेश्वरम धाम में शिविर की तैयारियां करवाई जा रही हैं। शिविर में आने वाले आस्थावान

# राष्ट्र व राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझे युवा

## नेचर कैंप थापली छात्रों के लिए बन रहा आकर्षण का केंद्र – नरेंद्र सिंह, युवा कल्याण संयोजक

**पंचकूला, 30 मार्च :** युवा राष्ट्र को सर्वोपरि समझते हुए अपने कदम बढ़ाए अगर युवाओं की यह सोच होगी कि उन्होंने अपने देश समाज के लिए कार्य करना है तो उसका बेहतर परिणाम निकलेंगे। उपरोक्त विचार व्यक्त करते हुए युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय के छात्रों का नेचर कैंप में स्वागत करते हुए रखे।विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दो दिवसीय नेचर कैंप थापली भ्रमण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भ्रमण हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।



युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास, कौशल संवर्धन और व्यक्तित्व निर्माण के लिए निरंतर प्रभावी योजनाएं चला रही है। राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरणीय जागरूकता से भी सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आयोजित नेचर कैंप, ट्रैकिंग कार्यक्रम, कौशल विकास शिविर और जागरूकता अभियान युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को नेचर कैंप थापली जैसे प्राकृतिक एवं महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करवाने का उद्देश्य उन्हें हरियाणा की प्राकृतिक धरोहर, जैव विविधता और पर्यावरणीय समृद्धि से परिचित कराना है। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं तथा उन्हें प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। इस 3 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा एवं पंजाब के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे प्रकृति की सुंदरता का अनुभव कर सकें और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बन सकें। यह कैंप युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व कौशल और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जलवायु परिवर्तन विषय पर आयोजित व्याख्यान में भाग लिया।

## ट्राले की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** शहर के राव तुलाराम चौक पर कुरहावटा मोड के पास एक ट्राले की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक कुरहावटा रोड पर किराए मकान में रहकर सब्जी बेचता था। पुलिस ने मृतक का नागरिकअस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। इसके अलावा पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर आरोपित चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मृतक शादीशुदा था और उसके तीन बेटे हैं।

# फैक्ट्री में नकदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । थाना शहर महेंद्रगढ़ पुलिस ने माजरा चुंगी स्थित एक फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अजय निवासी गांव परसरामपुरा, जिला झुंझुनूं (राजस्थान) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के दौरान चोरी की गई 83,500 रुपये की कुल राशि में से 58 हजार रुपये की नकदी बरामद कर ली है।

इस संबंध में पीड़ित सुनील कुमार निवासी गांव अगिहार (हाल माजरा चुंगी, महेंद्रगढ़) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उसकी माजरा चुंगी पर दरवाजों और खिड़कियों की फैक्ट्री है, जहां आरोपी अजय पिछले कुछ समय से नौकर के रूप में काम कर रहा था। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 27 मार्च की रात को उसने इंश्योरेंस के पैसे देने के लिए अपने ऑफिस के गल्ले में 83,500 रुपये रखे थे, जिसकी जानकारी आरोपी अजय को थी। रात को ऑफिस बंद कर वह अपने घर चला गया।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक छटा बिखरी, विधायक देवेंद्र कादियान ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**समारोह**

वार्षिक उत्सव समारोह हर्षोल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** तेवड़ी-बजाना स्थित निजी स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह मंगलवार को हर्षोल्लास और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशेष रूप से विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए नाटक ने सबका ध्यान खींचा, जिसके माध्यम से उन्होंने वर्तमान पीढ़ी को मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया और सुरक्षित जीवन जीने का संदेश दिया। अभिभावकों ने बच्चों की इस रचनात्मक प्रस्तुति की जमकर सराहना की।
विधायक देवेंद्र कादियान ने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा केवल डिग्री या शैक्षिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें बच्चों में नैतिक मूल्यों, आलोचनात्मक सोच और सहनशक्ति का संचार करना होगा ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कादियान ने कहा कि एक बच्चे को बेहतर इंसान बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों और शिक्षकों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान भी बनाएं। इससे पूर्व, विधायक के स्कूल पहुंचने पर बच्चों ने तिलक लगाकर और स्कूल प्रबंधन ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# वाहन चालकों के लिए बादशाही रोड पर बना गहरा गड्ढा, बढ़ रहा दुर्घटनाओं का खतरा

**खतरा**

लंबे समय से पड़े इस गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** शहर की बादशाही रोड पर सड़क के बीच बना गड्ढा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। लंबे समय से पड़े इस गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बीचों-बीच बने इस गड्ढे से गुजरना जोखिम भरा हो गया है। खासकर रात के समय जब रोशनी कम होती है, तो वाहन चालकों को गड्ढा दिखाई नहीं देता और हादसे का अंदेशा बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक असंतुलित होकर गिर चुके हैं, जिससे उन्हें चोटें भी आई हैं। हादसे से बचने के लिए प्रशासन द्वारा मौके पर किसी प्रकार का चेतावनी बोर्ड या संकेत भी नहीं लगाया गया है। इससे बाहरी वाहन चालकों को गड्ढे की जानकारी नहीं मिल पाती और वे सीधे इसकी चपेट में आ जाते हैं।
लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर रोष है। उनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गड्ढे की मरम्मत करवाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### गन्नौर में दो अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी

**गन्नौर।** क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह फिर सक्रीय हो गया है। अलग-अलग मामलों में दो लोगों की बाइक चोरी होने की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी गई है। पहले मामले में राजपुर निवासी सुरेश देवी ने शिकायत में बताया कि 27 मार्च की शाम वह बीएसटी गन्नौर पर थे। इसी दौरान उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। वहीं दूसरे मामले में गन्नौर मंडी निवासी प्रवीन ने थाना गन्नौर में दी शिकायत में बताया कि वह ढिगड़ा मार्केट में टेलर का काम करता है। 29 मार्च को वह अपनी प्लेटीना को रोजाना की तरह दुकानदार देवी राम के सामने खड़ी कर काम पर गया था। शाम को लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### करनाल की नहर से मिला लापता युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के गांव गगसीना के पास नहर में गिरे 19 वर्षीय युवक का शव चार दिन बाद बरामद हुआ। युवक हवन सामग्री की राख डालने के दौरान अचानक पैर फिसलने से नहर में गिर गया था। घटना के बाद से परिजन और टीमें लगातार तलाश में जुटी थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार दोपहर को गांव ऐंचला के पास नहर किनारे शव दिखाई दिया, जिसके बाद गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया और पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।
गांव बाम्बरेहड़ी के मोक्ष 28 मार्च की देर शाम गगसीना के पास नहर पर हवन सामग्री की राख डालने गया था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से वह नहर में जा गिरा। साथ मौजूद परिजनों ने तुरंत शोर मचाया और उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव के कारण वह देखते ही देखते पानी में ओझल हो गया। घटना के बाद परिजन लगातार नहर किनारे तलाश करते रहे। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीमों ने भी नहर में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। परिवार और ग्रामीणों ने उम्मीद नहीं छोड़ी और आसपास के इलाकों में खोज जारी रखी। मंगलवार को मृतक के परिजन ऐंचला के पास नहर की पटरी पर तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पानी में एक शव दिखाई दिया। तुरंत गोताखोरों को बुलाया गया, जिन्होंने शव को बाहर निकाला। पहचान करने पर शव मोक्ष का ही निकला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जो मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल भेज दिया।
परिजनों के अनुसार मोक्ष कंबल फैक्ट्री में काम करता था और पूरे परिवार का सहारा था। उसका छोटा भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और हाल ही में बोर्ड परीक्षाएं दी हैं। पिता रमेश अधरंग से पीड़ित हैं, जबकि कई साल पहले उसकी मां की करंट लगने से मौत हो चुकी है। गांव के सरपंच अजय ने बताया कि हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, गांव में शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना तथा पीएम सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए हो रही है कारगर साबित : उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है।
डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीमें चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष तक की आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है।

# पूर्व बिजली मंत्री स्व. ओम प्रकाश जिंदल एक महान जनसेवक भी थे: पवन

**लाडवा, 31 मार्च (विजय कौशिक)** प्रसिद्ध उद्योगपति, पूर्व बिजली मंत्री हरियाणा सरकार एवं पूर्व सांसद कुरुक्षेत्र स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल को विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रधान पवन गर्ग ने लाडवा स्थित जिंदल पार्क में उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर रामस्वरूप ब्रह्माण, शमशेर सिंह बन, राम दयाल छलौंदी, नरेंद्र शर्मा सलेमपुर, राजबीर शर्मा भोगपुर, नवीन गर्ग सोंटी, संजीव मंढ़ाण धनोरा-जागीर , रविंद्र कश्यप सूरा एवं प्रदीप कुमार सोंटी ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । पवन गर्ग ने स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल को याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय ओम प्रकाश जिंदल एक उदार व्यक्तित्व थे जिन्होंने अपने कार्यकाल में हरियाणा विशेषकर कुरुक्षेत्र के विकास में अहम् योगदान दिया । उन्होंने जे एस डब्लू ग्रुप, जिंदल स्टील एंड पावर एवं जिंदल स्टेनलेस स्टील लिमिटेड सहित कई उद्योग स्थापित कर देश विकास में योगदान दिया । उन्हें बंगाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी दिया गया। उन्होंने अपने कार्यों द्वारा जन जन के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया।



# कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के सुरक्षा कर्मी संदीप कुमार बने एएसआई, मंत्री ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 31 मार्च राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के सुरक्षा दस्ता में तैनात हैड कांस्टेबल संदीप कुमार को एएसआई की पदोन्नति मिली है। हैड कांस्टेबल संदीप कुमार को उनके प्रमोशन पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी और पूरे स्टाफ के साथ मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य कि शुभकामनाएं दी।
कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि संदीप कुमार को उनके उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सरकार एवं विभाग द्वारा यह पदोन्नति का तोहफा दिया गया है। संदीप कुमार इस प्रमोशन के सही पात्र है। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि नए संवत वर्ष की शुरूआत पर संदीप कुमार के लिए उप सहायक निरीक्षक के पद का उपहार अविस्मरणीय रहेगा। संदीप कुमार का प्रमोशन उनके अन्य सहकर्मियों के लिए भी निष्ठा से ड्यूटी करने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि संदीप कुमार का सेवाकाल बेहतर और निष्ठा पूर्ण रहा है।

# घरेलू नौकर,किरायेदार एवं कर्मचारियों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराएं: पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी(दिनकर गावड़ी)**:झ पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार, आईपीएस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत घरेलू नौकर, ड्राइवर, माली, सुरक्षा गार्ड एवं अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं, ताकि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।
उन्होंने बताया कि कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें बिना सत्यापन के रखे गए व्यक्तियों द्वारा चोरी, धोखाधड़ी, गबन एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया गया है। ऐसे मामलों में यह पाया गया है कि यदि समय रहते संबंधित व्यक्तियों का सत्यापन कराया गया होता, तो इन घटनाओं को रोका जा सकता था।पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को सलाह दी कि किसी भी व्यक्ति को कार्य पर रखने अथवा किराये पर मकान देने से पूर्व उसकी पहचान, स्थायी पता, पूर्व निवास स्थान एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की भली-भांति जांच अवश्य करें। संबंधित व्यक्ति का आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं नवीनतम फोटो की प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।

# चैत्र शुक्ल चौदस हजारों श्रद्धालुओं की श्रद्धा का केंद्र बाबा जिंदानाथ में लगा विशाल मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव मोई माजरी स्थित बाबा जिंदा डेरे में चैत्र शुक्ल चौदस के अवसर पर दो दिवसीय विशाल मेले का शुभारंभ मठाधीष बाबा बालक नाथ की देखरेख में हुआ। मेले में प्रथम दिन हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा जिंदा नाथ की समाधि पर माथा टेककर मन्नतें मांगी। वहीं मनोकामना पूरी होने पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में गुड़, दूध, झाड़ू, कंबल चढ़ाया। मान्यता है कि बाबा जिंदानाथ पर माथा टेकने से रसौली, मच्छ और पशुओं की बीमारियां दूर होती हैं। बाबा जिंदानाथ डेरे पर आने वाले श्रद्धालुओं को धूने से भभूत, काले डोरे आरोग्य व शांति प्रदान करने के लिए आशीर्वाद स्वरूप दिए गए। मेले में आने वाले भक्तों के लिए डेरा की तरफ से आवागमन के लिए निशुल्क वाहनों की व्यवस्था की गई। इसके अलावा मेले में व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए महिला व पुरूष पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है। जाम की स्थिती से निपटने के लिए मेले में वाहनों को खड़ा करने के लिए अलग से पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। मोई गांव में बाबा जिंदानाथ डेरे के महंत बालक नाथ ने बताया कि यहां सभी जाति, धर्म, वर्ण संप्रदाय के लोग आते हैं।



# दादरी और नारनौल से आए मंगलमुखी गुटों में झगड़ा, तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
महेंद्रगढ़ । शहर के 11 हट्टा बाजार में मंगलवार दोपहर को दादरी और नारनौल से आए मंगलमुखी गुटों में झगड़ा होग गया। इसमें दादरी से आए तीन मंगलमुखी को चोटें आई हैं। बता दें कि दोपहर करीब एक बजे दादरी से मंगलमुखी महेंद्रगढ़ शहर आए थे। इसकी सूचना नारनौल के मंगलमुखी समाज को मिली। बाद में नारनौल के मंगलमुखी वहां पर आ गए। इसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और बात हाथापाई तक पहुंच गई। इतना ही नहीं दादरी नंबर गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए।

# सत्यम पब्लिक स्कूल में मेधावी बच्चों को चेयरमैन राजेंद्र ने किया सम्मानित

**परिणाम**

बापौली मार्किट कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र रावल ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की।

**एक्शन इंडिया टीम**
**पानीपत, 31 मार्च।** जलालपुर प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान बापौली मार्किट कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र रावल ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की। चेयरमैन राजेन्द्र रावल ने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।
उन्होने कहा कि कोई भी कार्य एक दिन में पूरा नही किया जा सकता है। अगर अपने लक्ष्य को हासिल करना है तो हर रोज दिन रात मेहनत करनी होगी, तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। उन्होने कहा कि यही बच्चे देश का भविष्य है और बढे होकर इन्हीं की बदौल्लत देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। वहीं स्कूल प्रधानाचार्य सत्यवान शर्मा ने मुख्यातिथि सहित अभिभावकों का आभार जताया और कहा कि जिन बच्चों ने पूरा वर्ष तक मेहनत की है, आज उस मेहनत का फल उन्हे प्राप्त हुआ है। स्कूल निदेशक पूजा शर्मा ने कहा कि स्कूल में बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगिण विकास किया जाता है। इस मौके पर भाजपा नेता रणजीत शर्मा, भीम सिंह रावल, सचिन रावल, दिनेश रावल, सोनू शर्मा, अरविंद, मोनू,, रेखा भाटिया, स्वीटी रावल, प्रियंका लाकडा, क्षमा, काजल, अनीता, शालू, प्रिया, आरती अनेक मौजूद रहे।




फोटोः
-बापौली मार्किट कमेटी के चेयरमैन राजेन्द्र रावल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते ग्रामीण।

# युवा शक्ति अपनी उर्जा को शिक्षा, खेल और समाज सेवा के कार्यो में लगाएं- मनदीप कुमार, एसडीएम

**एक्शन इंडिया टीम**
**पानीपत, 31 मार्च(बिजेंद्र सिंह)।** रेडक्रॉस द्वारा एसडी कालेज में एक दिवसीय नशा मुक्त जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम पानीपत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और युवाओं को नशे से दूर रहने को लेकर जागरूक किया। एसडीएम मनदीप कुमार का रेडक्रॉस सचिव गौरव रामकरण, कालेज प्रिसिंपल डा. अनुपम अरोड़ा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चन्द, यूथ रैडक्रास काउंसलर राकेश गर्ग, खुशबु, जोगेश, डा. संतोष कुमारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। शिविर में लगभग 200 से अधिक रैडक्रास स्वंय सेवकों ने भाग लिया। सेमिनार में भाग लेने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। एसडीएम मनदीप कुमार ने रिबन काटकर व द्वीप प्रज्जवलित करके शिविर का शुभारंभ किया। मनदीप कुमार एसडीएम ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति, परिवार और समाज को अंदर से खोखला कर देती है।
उन्होनें कहा कि युवा शक्ति अपनी उर्जा को साकारात्मक कार्यो जैसे शिक्षा, खेल और समाज सेवा के कार्यो में लगाऐं।

# लाडवा उपमंडल की पीएचसी बाबैन अपनी श्रेणी में रही प्रथम उप-विजेताः डॉ.गुरप्रीत सिंह

**लाडवा 31 मार्च ( विजय कौशिक)** : हरियाणा स्टेट हेल्थ रिसोर्स सेंटर ने कायाकल्प अवार्ड की सूची जारी कर दी है। इसमें मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र लाडवा उपमंडल के प्राथमिक चिकित्सा केंद्र,बाबैन? को उसकी श्रेणी में प्रथम उप-विजेता घोषित कर उसे 10 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया है। इसके अलावा लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल को प्रमाण पत्र के साथ तीन लाख रुपये अवार्ड की घोषणा की गई है।कायाकल्प की परीक्षा में जिले के 90 उपकेंद्रों ने भाग लिया था, जिसमें से 79 उपकेंद्र ने परीक्षा पास की है। यह जानकारी देते हुए जिला नागरिक अस्पताल के प्रशासक डा. गुरप्रीत सिंह ने कहा



कि इस उपलब्धि की प्रेरणा सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह का मार्गदर्शन है। जिला नागरिक अस्पताल ने कायाकल्प की परीक्षा पास करने के साथ-साथ अपने पिछले रिकार्ड को भी बनाए रखा। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र( पीएचसी) डीग ने दो लाख रुपये जीते । रैंक एक पर पीएचसी डीग दो लाख रुपये अवार्ड, पिपली, इस्माईलाबाद, स्याना सैयदां, किरमिच, टाटका, रामगढ़ रोड, खानपुर कोलियां, कलसाना, अमीन, ठसका मीरांजी, धुराला, गुढ़ा को प्रशस्ति पत्र के साथ 50-50 हजार रुपये अवार्ड की भी घोषणा की गई है।
डॉ. गुरप्रीत के मुताबिक पिहोवा उप-मंडल के आयुष्मान आरोग्य केंद्र,संघौर ने रैंक एक प्राप्त करके एक लाख रुपये का अवार्ड अपना नाम किया है और प्रथम उप-विजेता के तौर पर मोहड़ी केंद्र को 50 हजार, द्वितीय उपविजेता खरींडवा केंद्र को 35 हजार रुपये के अवार्ड की घोषणा की गई है। वहीं भगवानपुर, सुलतानपुर, धीरपुर, बहादुरपुरा कला, वसंतपुर, हथीरा, सुनहेड़ी, कमोदा, खानपुर जाटान, रावा, बारना, थाना, उमरी, दयालपुर, बीड़ मथाना, जलबेहड़ा, जखवाला, सौंटी, प्रतापगढ़, हरिपुर, रतगल, रत्नगढ़, कैंथला, पिपली, चढ़ूनी जाटान, छलौंदी, जंधेड़ी, अरुणाय, हलालपुर, अजराना खुर्द, धुराला, फतुहपुर, मसाना, बहलोलपुर, धंतौड़ी, सूढ़पुर, कोल्हापुर, खेड़ी रामनगर, मिजार्पुर, दबखेड़ी, सिरसमा, ज्योतिसर, डीग, गुमथलागढ़ू, सारसा, कराहसाहिब, मोहनपुर, सिरसला, कलसानी, बन, सुर्खपुर, चम्मूकलां, सलपानी कलां, खेड़ी दबदलान, बीबीपुर, बनी, रुआन, मुर्तजापुर, लखमड़ी, लंडी, मंगौली जाटाना, बगथला, पिंडारसी, शांतिनगर कुरड़ी, भोकर माजरा, अंटहेड़ी, हरिगढ़ भोरखपुर, सुनारियां, मेघा माजरा, संधौली, यारा, रामसरण माजरा, अजरावर, भैनी, भट्ट माजरा इन सभी केंद्रों को 25-25 हजार रुपये अवार्ड की घोषणा की है।
गौरतलब है कि डॉ.गुरप्रीत सिंह को हरियाणा सरकार द्वारा पूरे देश में पहले रैंक पर आए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में अस्पताल प्रशासन में स्नातकोत्तर(एम.डी.) अध्ययन के लिए भेजा गया था।
उन्होंने वहां भारत के जाने-माने अस्पताल प्रशासन विषय के विशेषज्ञ एवं संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा के निर्देशन में गहन शोध उपरांत एमडी की उपाधि प्राप्त की। उनके अनुभव और सजग प्रयासों से ही लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल एवं जिला की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों को लगातार पुरस्कार मिल रहे हैं

# भाविप ने मेले में लगाया कुल्फी का स्टॉल




**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 31 मार्च (विजय कौशिक)** : माता बाला सुंदरी मंदिर लाडवा में चैत्र चौदस के अवसर पर भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा कुल्फी का भंडारा लगाया गया। प्रकल्प प्रमुख सुमित बंसल ने बताया कि आज सभी सदस्यों के सहयोग से कुल्फी का विशाल भंडारा लगाया गया है। परिषद अध्यक्ष अमन गोयल ने कहा कि चैत्र चौदस के अवसर पर माता बाला सुंदरी मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए दूर दूर से आते है।
माता बाला सुंदरी सभी की मनोकामना पूरी करती हैं। इस अवसर पर परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### नरवाना ढाणी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र सम्मानित

**नरवाना, 31 मार्च राहुल**
राजकीय मॉडल प्राथमिक पाठशाला नरवाना ढाणी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

शिक्षक राजेश टांक दनौदा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ नियमित उपस्थिति, जिम्मेदारी, आज्ञाकारिता एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, अंगवस्त्र, फूल मालाएं, बुके, चॉकलेट व देसी घी की मिठाई देकर प्रोत्साहित किया गया।

वरिष्ठ शिक्षक राजेश टांक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान 1 अप्रैल को होने वाली अभिभावक-अध्यापक बैठक (ढळट) व प्रवेश उत्सव को लेकर भी चर्चा की गई। इस बैठक में वार्षिक परिणामों के साथ-साथ नए सत्र की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मुख्य शिक्षक श्री सेवा सिंह ने भी सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा ने भी उत्कृष्ट परिणाम के लिए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

परीक्षा परिणाम सुनकर अभिभावकों व विद्यार्थियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक, विद्यार्थी, अध्यापक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी

**नरवाना, 31 मार्च राहुल**
पुलिस जींद द्वारा धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर नरवाना पुलिस ने यूरोप भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है ।थाना शहर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक आत्माराम ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता रणधीर वासी चौपड़ा पट्टी, नरवाना ने अपनी शिकायत में बताया कि अजीत, अमित व मंजीत वासियांन हसनगढ़ हिसार ने उसके पुत्र अमन को यूरोप में वर्क वीजा पर भेजने का झांसा देकर कुल 7,04,500 रुपये की राशि हड़प ली। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से उसके पुत्र को यूरोप भेजने की बजाय दुबई शारजाह में एक माह के टूरिस्ट वीजा पर भेज दिया और वहां एजेंटों के माध्यम से उसे बंधक बनाकर अतिरिक्त पैसों की मांग की गई।उसके पुत्र को दुबई से वापस लाने के लिए उसने लगभग 4 लाख रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़े। जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना शहर नरवाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अमित वासी हसनगढ़, हिसार को नियमानुसार गिरफ्तार करके आगामी कार्यवाही नियमानुसार अमल में लाई जा रही है । जींद पुलिस आमजन से अपील करती है कि विदेश भेजने के नाम पर किसी भी व्यक्ति को बिना सत्यापन के धनराशि न दें तथा किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### PHC स्वीकृति पर खुशी की लहर खातोदड़ा व पाली ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़**। महेंद्रगढ़ जिले की खातोदड़ा और पाली ग्राम पंचायतों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (ढळउ) स्वीकृत होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर ग्राम पंचायतों के सरपंचों, पंचों व अन्य जनप्रतिनिधियों ने रेवाड़ी स्थित रामपुरा हाउस पहुंचकर हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से शिष्टाचार भेंट की और उनका आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से ग्रामीणों की मांग रही ढळउ की स्वीकृति अब पूरी होने जा रही है, जिससे आसपास के गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कृष्ण सरपंच खतोदड़ा और देशराज सरपंच पाली ग्राम प्रतिनिधियों ने बताया कि अब मरीजों को छोटे-छोटे उपचार के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि गांव के नजदीक ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# 2047 से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना अवश्य साकार होगा: अनुराग ठाकुर

**लोकार्पण**

- हरियाणा की पहचान युद्धों में जय और खेलों में विजय से है- अनुराग ठाकुर




**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आज 400 मीटर, 08 लेन वाले अत्याधुनिक सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का लोकार्पण भारत सरकार की ह्यखेलो इंडिया योजनाह्न के अंतर्गत संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (ड़ॉ) टंकेशवर कुमार ने ट्रैक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, खेल निदेशक डॉ. संदीप दुल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. रेनू यादव उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने 10.65 करोड़ की लागत से किया है। उद्घाटन के बाद विश्वविद्यालय के वंदेमातरम् सभागार में आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि हरियाणा की पहचान युद्धों में जय और खेलों में विजय से है और विश्वविद्यालय ने खेल के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि सभी में खेल की अपार संभावनाएं हैं और खेल और युवा मेरी रुचि के केंद्र हैं। जैसे राम के साथ हनुमान जुड़े होते हैं, वैसे ही खेल युवाओं के साथ संवाद स्थापित मुझे भाता है। उन्होंने युवाओं को मेहनत का महत्व बताते हुए कहा कि जब पसीना बहाओगे तभी जीत होती है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि ड्रग्स समाज और युवाओं को कमजोर करता है। युवा अक्सर सिगरेट और शराब से शुरूआत कर ड्रग्स की ओर बढ़ते हैं, जो एक गंभीर खतरा है। बुरी संगत से दूर रहें और समस्याओं से भागने के बजाय उनका सामना करें। एनसीसी और एनएसएस स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ये युवा स्वयं से पहले देश के बारे में सोचते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अवसरों का लाभ उठाएं निरंतर सीखते रहें।

## एटीम मशीन काटकर करोड़ों की चोरी करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**
नूंह जिले की तावडू शहर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एटीएम मशीन काटकर चोरी करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से विभिन्न जिलों में एटीएम चोरी की वारदातों में शामिल रहा है और कई मामलों में फरार चल रहा था।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आशिक पुत्र नन्हेखान निवासी गांव गोगजाका, तावडू, जो कि रोहतक अर्बन थाना में दर्ज वर्ष 2018 के एक मामले में घोषित अपराधी है, क्षेत्र में मौजूद है। इस सूचना के आधार पर एस आई राहुल खान थाना सिटी तावडू ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने वर्ष 2018 में रोहतक में एसबीआई बैंक एटीएम मशीन काटकर करीब 40 लाख रुपये की चोरी की थी। इसके अलावा झज्जर में भी वर्ष 2018 में एटीएम काटकर लगभग 23 लाख रुपये और रेवाड़ी के ब्रास मार्केट, थाना मॉडल टाउन क्षेत्र में एटीएम मशीन काटकर करीब 32 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।आरोपी के खिलाफ दिल्ली में भी कई मामले दर्ज हैं, जिनमें थाना उत्तम नगर म और थाना छावला में आर्म्स एक्ट के तहत केस शामिल हैं। कुल मिलाकर आरोपी पर लूट और चोरी के करीब 6 मामले दर्ज बताए जा रहे हैं।नूंह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई करते हुए रोहतक पुलिस के हवाले कर दिया है।

## धमतान साहिब की ब्रिलिएंट लाइब्रेरी में नशा मुक्ति अभियान, विद्यार्थियों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 31 मार्च राहुल**
जींद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत ब्रिलिएंट लाइब्रेरी, धमतान साहिब में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाया जा रहा है, जिसमें युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर फ्रॉड, यातायात नियमों और नए कानूनों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम में नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। यह न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि युवाओं के भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पढ़ाई, खेल और अपने सपनों पर ध्यान दें और नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहें।

उन्होंने कहा कि यदि आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही जीवन को हाँ, नशों को ना कहें। अभियान से जुड़कर नशामुक्त भारत बनाने का आह्वान किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बारे में भी जागरूक किया गया। नरेश कुमार ने बताया कि आजकल ठग फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से लोगों की निजी जानकारी जैसे ओटीपी और पासवर्ड हासिल करने की कोशिश करते हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

यातायात नियमों पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम—की भी जानकारी दी गई।

## तोशाम का सरकारी अस्पताल होगा अब 100 बेड वाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़,**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को भिवानी के तोशाम में आयोजित उन्नत सिंचाई उत्सव 2026 में तोशाम हलके के लिए लिए स्वास्थ्य, सड़क और किसानों से संबंधित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की घोषणाएं भी की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि तोशाम में 50 बेड हॉस्पिटल को फिजीबिलिटी चेक करवाकर 100 बेड का बनवाया जाएगा। गांव दिनोद में सीवरेज सिस्टम और जलापूर्ति विस्तार को स्वर्ण जयंती महाग्राम योजना के तहत पंचायत द्वारा भूमि उपलब्ध करवाने पर एसटीपी का निर्माण जाएगा, जिस पर 97 करोड़ 96 लाख रुपए खर्च आएगा।

## फर्जी मोबाइल और सिम से घर बैठे कमाई का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह (लियाकत अली ):** नूंह साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी मोबाइल फोन और सिम कार्ड के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ताज मोहम्मद पुत्र ईसब निवासी गांव झिमरावट कोरा बास, थाना पिनंगवा जिला नूंह के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार एक टीम साइबर अपराध रोकथाम के दौरान खानपुर घाटी अड्डे पर मौजूद थी। इसी दौरान मिली सूचना मिली कि साइबर ठगी करने वाला एक युवक मुम्बई एक्सप्रेसवे के पुल के नीचे बैठकर फर्जी मोबाइल के माध्यम से साइबर फ्रॉड कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने




तुरंत छापेमारी की। रेड के दौरान आरोपी पुलिस टीम को देखकर भागने लगा लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनमें अलग-अलग सिम कार्ड लगे हुए थे। जांच में सामने आया कि आरोपी व्हाट्सएप के जरिए घर बैठे पैसे कमाने और ठगी के पैसे वापस दिलाने का झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी करता था। मोबाइल फोन की चैटिंग, वॉइस रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट में ठगी से संबंधित कई सबूत मिले हैं। इसके अलावा फोन में कई बार कोड और पुलिस की वर्दी में बनाई गई फर्जी वीडियो भी बरामद हुई हैं जिनका उपयोग लोगों को विश्वास में लेने के लिए किया जाता था। साइबर पोर्टल पर जांच के दौरान बरामद सिम कार्ड के खिलाफ महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से कई ऑनलाइन शिकायतें दर्ज पाई गईं, जिनमें हजारों रुपये की ठगी सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा दूरसंचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खाई का परिणाम रहा शत प्रतिशत रहा

**परीक्षा परिणाम**

- प्रिंसिपल महोदय ने बताया कि विद्यालय में एक अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया आरंभ है ।

**टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया,31मार्च :**
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर ) कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं से आठवीं तथा कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसकी मुख्यातिथि एसएमसी प्रधान श्रीमती मंजीत कौर रही। इस दौरान कक्षावार प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को एसएमसी प्रधान द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।कक्षा छठवीं में प्रथम मनजोत ,द्वितीय नीलम।कक्षा सातवीं में प्रथम आरती पुत्री सुरजीत, द्वितीय आरती पुत्री सुरेश, तृतीय स्थान पर जशन रहीं। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय स्थान हसनदीप, तृतीय स्थान कमलजीत ने प्राप्त किया।इसी प्रकार कक्षा नौवीं में प्रथम स्थान गुरविंदर, द्वितीय स्थान पूजा, तृतीय स्थान खुशी ने प्राप्त किया और 11वीं कक्षा में प्रथम स्थान सुमनदीप, द्वितीय स्थान मानसी, तृतीय स्थान पर खुशप्रीत कौर रही है। इस प्रकार संपूर्ण विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100% रहा है ।सभी साथी क्लास इंचार्ज द्वारा अभिभावकों से अधिक से अधिक छात्राओं को दाखिले करवाने बारे कहा गया ।इस दौरान प्रिंसिपल महोदय श्री अवनीश गर्ग,बनवारी लाल,कंवरजीत सिंह,घनश्याम,रुपिंदर कौर,बेअंत कौर,सरिता देवी,शीनू,महेशी आदि विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। प्रिंसिपल श्री अवनीश गर्ग द्वारा सभी अभिभावकों का विद्यालय में पहुंचने पर हार्दिक आभार व्यक्त किया गया तथा उनसे अधिक से अधिक छात्राओं का दाखिला स्कूल में करवाने हेतु निवेदन किया ।उन्होंने अभिभावकों से स्कूल तथा हॉस्टल संबंधित कुछ सुझाव लिए । अभिभावकों को जल पान करवाया गया। प्रिंसिपल महोदय ने बताया कि विद्यालय में एक अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया आरंभ है ।




## हरियाणा की मंडियों में एक अप्रैल से शुरू होगी रबी फसल खरीद

**चंडीगढ़, 31 मार्च (हि.स.)**। हरियाणा में रबी फसलों की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने मंगलवार को कहा कि रबी खरीद 2026-27 के मद्देनजर प्रदेश की अनाज मंडियों को तैयार कर लिया गया है। मंडी परिसर में साफ सफाई सुविधा का खास ख्याल रखा जा रहा है।

नागर ने बताया कि मंडियों में बायोमेट्रिक आधारित खरीद होगी, प्रक्रिया को सरल करने के लिये राज्य सरकार द्वारा स्वयं किसान या उनके द्वारा मनोनीत तीन नामिनियों में से केवल एक का ही बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के कारण उसे खुद खेत छोडकर आना नहीं होगा। इसके अलावा सभी मंडी स्थानों की जिओ फेंसिंग की गई है। इस सुविधा के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी गेट पास, नीलामी, जे फंड बनाने और लिफ्टिंग से संबंधित गतिविधियां केवल मंडी परिसर के भीतर की जाएं। इसके लिए मंडी के जिओ फेंस किये गए क्षेत्र के भीतर उपस्थिति को सत्यापित किया जाता है,जिससे राज्य के किसान की फसल को कोई अन्य व्यक्ति किसान के नाम पर फर्जी तरीके से बेच न सके।

किसानों को गेट पास जारी करते समय, वाहन के फोटो के साथ साथ वाहन नंबर देना भी अनिवार्य कर दिया गया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसलिए मंडी मे फसल लेकर आने वाले वाहनों पर नंबर प्लेट न होने पर किसान अपने वाहन पर पेंट या हाथ से एक कागज पर लिख कर भी चिपका कर आ सकता है, उसे भी मान्य किया गया है।

## हरियाणा के एसीएस ए.के. सिंह ने किया अनाज मंडियो का निरीक्षण

**एक्शन इंडिया टीम**
**पानीपत, 31 मार्च(हप्र):** हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह ने मंगलवार शाम को जिले की पानीपत व इसराना मंडियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पानीपत और इसराना की मंडियों में सरसों की खरीद प्रक्रिया, एजेंसियों की भागीदारी और अब तक हुई खरीद की जानकारी ली। इस दौरान ए.के. सिंह ने मंडी में माप-तोल के कांटों की जांच की तथा साफ - सफाई, शौचालयों की स्थिति और लाईटों का भी निरीक्षण किया गया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

## पिनंगवा में वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट बना किसानों के लिए वरदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
नूंह जिले के पिनंगवा कस्बे में स्थापित डिसेंट्रलाइज्ड वेस्टवाटर ट्रीटमेंट सिस्टम परियोजना किसानों के लिए राहत और उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है। सितंबर 2025 में सहगल फाउंडेशन द्वारा शुरू किया गया यह प्रोजेक्ट हरियाणा में अपनी तरह का पहला प्रयास माना जा रहा है, जिसमें गंदे पानी को साफ कर कृषि कार्यों के लिए उपयोगी बनाया जा रहा है। पहले कस्बे का गंदा पानी एक ऐतिहासिक तालाब में एकत्रित होता था, जिसका



उपयोग किसान सिंचाई के लिए करते थे। इससे फसलों की गुणवत्ता प्रभावित होती थी और किसानों के स्वास्थ्य पर भी खतरा बना रहता था। इस समस्या को देखते हुए फाउंडेशन ने वैज्ञानिक पद्धति से पानी को शुद्ध करने की पहल शुरू की।

आज मंगलवार को फाउंडेशन के अध्यक्ष रजत जय सहगल अपनी टीम के साथ प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान पानी के सैंपल लिए गए और किसानों से फीडबैक लिया गया। किसान यासीन, सूरज, निसार और इसराइल ने बताया कि अब फिल्टर किए गए पानी से फसलों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और उत्पादन भी बढ़ा है।इस परियोजना के तहत पॉलिशिंग तालाब का उपयोग किया जा रहा है, जहां सूर्य की किरणों से पानी में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं को नष्ट किया जाता है। इसके अलावा पौधों और बजरी से बने फिल्टर के माध्यम से पानी में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाई जाती है, जिससे बैक्टीरिया सक्रिय होकर प्राकृतिक रूप से पानी को साफ करते हैं। यह प्रक्रिया न केवल रोगजनकों को कम करती है, बल्कि नाइट्रोजन और फास्फोरस जैसे पोषक तत्वों का संतुलन भी बनाए रखती है।

## श्रीकृष्णा स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण व अभिभावक-अध्यापक मिलन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । श्रीकृष्णा स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण और अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में स्कूल के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान अपनी मेहनत और लगन से विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव द्वारा किया गया, जो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि सीईओ कर्मवीर राव और डॉ. कविता राव मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता




प्राचार्य रवि प्रकाश द्वारा की गई। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतिभाओं का सम्मानः समारोह में कक्षा पहली से लेकर 11वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शैक्षणिक स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रत्येक छात्र को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया। इसके साथ ही, स्कूल प्रबंधन ने केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि विद्यार्थी के व्यक्तित्व के अन्य पहलुओं को भी सराहा। सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यार्थी और सर्वश्रेष्ठ समय के पाबंद छात्रों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। चेयरमैन बीरसिंह यादव ने कहा कि पुरस्कार केवल एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थी की कड़ी मेहनत और धैर्य का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। सीईओ कर्मवीर राव और डा. कविता राव ने कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा है, लेकिन निरंतर प्रयास करना ही एक सच्चे विद्यार्थी की पहचान है। अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी तालमेल ही बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। प्राचार्य रवि प्रकाश ने कहा कि अनुशासन ही वह सीढ़ी है जो विद्यार्थी को शिखर तक ले जाती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि श्रीकृष्णा स्कूल भविष्य में भी शिक्षा और संस्कारों के उच्च मानक स्थापित करता रहेगा। पुरस्कार वितरण के बाद अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह में अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ अपने बच्चों की प्रगति पर चर्चा की। शिक्षकों ने बच्चों की कमजोरियों और उनकी खूबियों के बारे में विस्तार से बताया, ताकि आगामी सत्र में और बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

## नोटिस बोर्ड पर बनी सड़क, हकीकत में गड्ढे और धूल, नूंह में पीडब्ल्यूडी कार्य पर उठे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
**नूंह** जिले के खुशपुरी गांव से नांगल शाहपुरी, राजाका, जेताका और ढाडोली कलां को जोड़ने वाली करीब साढ़े आठ किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों विवादों में घिर गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाए गए सूचना बोर्ड में सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण दिखाया गया, जबकि जमीनी हकीकत में सड़क अब भी जर्जर हालत में पड़ी है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य 23 सितंबर 2025 से शुरू होकर 22 मार्च 2026 तक पूरा



दिखाया गया है। करीब 3 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क कई गांवों को नूंह मुख्यालय से जोड़ने का अहम मार्ग है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर अभी भी गड्ढे हैं और धूल उड़ रही है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सड़क पिछले तीन वर्षों से खराब स्थिति में है। बारिश के समय हालात और भी बिगड़ जाते हैं, जिससे आमजन के साथ-साथ मरीजों को अस्पताल ले जाना भी मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क से निकाली गई सामग्री गायब कर दी गई, जिससे गड़बड़ी की आशंका और बढ़ गई है। मामला तब तूल पकड़ गया जब ग्रामीणों ने बोर्ड पर कार्य पूर्ण होने की तारीख देखी। विरोध के बाद विभाग ने बोर्ड से तारीख मिटाकर कार्य प्रगति पर है लिख दिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bharadwaj Group



## एमपी और यूपी मिलकर लिखेंगे सुशासन और आध्यात्मिक पर्यटन की नई इबारतः मोहन

### मप्र के मुख्यमंत्री ने वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का किया भ्रमण, क्रॉउड मैनेजमेंट, दर्शन व्यवस्था आदि का अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सरकारें "विरासत के साथ विकास" के मंत्र को आत्मसात कर सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रही हैं। यह न केवल दोनों राज्यों के संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि जन-कल्याण के नए मार्ग भी प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के भ्रमण के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने अपने वाराणसी भ्रमण की शुरूआत देवादिदेव महादेव श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन और पूजन के साथ किया। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजन कर मध्य प्रदेश की जनता की खुशहाली और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री ने पावन गंगा घाट पहुँचकर पतित पावनी माँ गंगा के दर्शन किए। उन्होंने श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ माँ गंगा का पूजन किया और गंगाजल से





आचमन किया। दर्शन और पूजन के बाद उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ के धाम में आकर जो आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है, वह अद्भुत है।

**काशी-महाकाल के बीच व्यवस्थाओं का साझा संगम**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी भ्रमण के दौरान विश्व प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और बाबा महाकाल के धामों के बीच व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य दर्शनार्थियों को सुगम और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर परिसर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

**सिंहस्थ-2028 के लिए प्रबंधन का रोडमैप**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वाराणसी के अनुभवों को मध्य प्रदेश के उज्जैन में होने वाले आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के न्यासियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रेजेंटेशन से कॉरिडोर में तीर्थयात्री प्रबंधन, क्राउड कंट्रोल (भीड़ प्रबंधन), दर्शन व्यवस्था और मोबाइल ऐप आधारित टोकन सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ और काशी कॉरिडोर के प्रबंधन से सीख लेकर हम उज्जैन में श्रद्धालुओं के लिए दूरगामी योजनाएं तैयार कर रहे हैं।

**आत्मसात**

**विरासत के साथ विकास के मंत्र को आत्मसात कर सुशासन और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में साझा संस्कृति विकसित कर रही हैं**

श्रद्धालुओं को दर्शन की उच्चतम और सुगम व्यवस्था देना हमारा लक्ष्य है। प्रेजेंटेशन से तीर्थ स्थल प्रबंधन की एसओपी को समझा। इसमें रियल टाइम सीसीटीवी मॉनिटरिंग, जोन-बेस्ड क्राउड कंट्रोल, सुरक्षा प्रोटोकॉल और स्वच्छता प्रबंधन के आधुनिक तौर-तरीकों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा 'ग्लोबल सनातन' पुस्तक भी भेंट की गई।

**वाराणसी में महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन और न्यायप्रियता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आगामी 3 से 5 अप्रैल तक वाराणसी में महानाट्य का मंचन किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य शोध संस्थान के माध्यम से आयोजित होने वाले इस महानाट्य में सैकड़ों कलाकार हिस्सा लेंगे, जिसमें हाथी, घोड़े और ऊंटों के साथ प्राचीन विधाओं का जीवंत प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच बढ़ते आर्थिक और बुनियादी ढांचे के सहयोग का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से दोनों राज्यों के किसानों का भाग्य बदल रहा है। दोनों राज्यों के किसानों को सस्ती और निर्बाध बिजली उपलब्ध होगी। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर भ्रमण और बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्रीनंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान के साथ अपर मुख्य सचिव राघवेंद्र सिंह, सचिव पर्यटन डॉ. इलैया राजा टी, उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह, वाराणसी कलेक्टर सत्येंद्र सिंह और काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सीईओ विश्व भूषण मिश्र सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गांव-किसान की समृद्धि से सुदृढ़ भविष्य की नींव, योजनाएं बन रहीं मील का पत्थर

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव और किसानों को मजबूत आधार प्रदान करते हुए विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ राज्य स्तर पर अतिरिक्त प्रोत्साहन जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली सहायता राशि में राजस्थान सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए अतिरिक्त तीन हजार रुपए जोड़ दिए हैं। जहां केंद्र सरकार किसानों को सालाना छह हजार रुपए देती है, वहीं राज्य में यह राशि बढ़कर नौ हजार रुपए हो गई है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी की गई किस्त के तहत प्रदेश के 66 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1,355 करोड़ रुपए से



ज्यादा की राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने भविष्य में इस राशि को 12 हजार रुपए तक बढ़ाने का संकेत भी दिया है। राज्य सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही जोखिम मुक्त खेती और पशुपालन को भी बढ़ावा दे रही है। वर्ष 2026-27 के लिए कृषि बजट 1.19 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। गेहूं की समर्थन मूल्य खरीद पर 150 रुपए का बोनस, 78 लाख किसानों को 50 हजार करोड़ से अधिक के ब्याज मुक्त फसली ऋण और फसल बीमा योजना के तहत हजारों करोड़ रुपए के क्लेम वितरण जैसे कदम किसानों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। पशुपालन क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत लाखों पशुओं का बीमा और मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्रामीण रोजगार को स्थायित्व देने के लिए विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रहा है। इस योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है।

**अर्थव्यवस्था**

**किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास किए जा रहे हैं : भजनलाल**

## मध्य प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू होगा 'स्कूल चलें हम' अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे "स्कूल चलें हम" अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान में प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। जनसंपर्क अधिकारी सुनील वर्मा ने सोमवार को बताया कि अभियान के दौरान प्रदेश के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सैकेण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

**राज्य स्तरीय आयोजन**

"स्कूल चलें हम" अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी भी शुरू कर दी गई है। प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**अभियान**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम, आयोजित होंगी गतिविधियां**

## एलपीजी-पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें सरकारः मायावती



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि इस समय अमेरिका-इजराइल और ईरान देशों के युद्ध के बीच केंद्र सरकार देशभर में एलपीजी-पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। वस्तुओं की कीमतों पर भारी वृद्धि से 'गरीबी में आटा गीला होने' से उनकी परेशानियां कई गुना बढ़ गई हैं। इसके समाधान के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाना चाहिए। बसपा प्रमुख मायावती मंगलवार को यहां पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थीं। उन्होंने कहा कि खाड़ी युद्ध की वजह से भारत में रसोई गैस, पेट्रोल और पेट्रोलियम पदार्थों आदि के संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण सभी प्रकार की वस्तुओं की कीमतों पर भारी वृद्धि हुई है। गरीब और मेहनतकश समाज के लोग जो पहले से ही संघर्ष कर रहे है इसकी वजह से 'गरीबी में आटा गीला होने' से उनकी परेशानियां कई गुना बढ़ गई हैं। इसके समाधान के लिए सरकार को लगातार प्रभावी कदम उठाना जरूरी है, ताकि देश की जनता को नोटबंदी और कोरोना महामारी जैसा संकट के एक और अभूतपूर्व दौर से गुजरना न पड़े। संगठन की इस बैठक में बसपा प्रमुखा ने निर्देशों और कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का आकलन किया।

**परेशानियां**

**वस्तुओं की कीमतों पर भारी वृद्धि से 'गरीबी में आटा गीला होने' से उनकी परेशानियां बढ़ गई**

## सीएम साय ने 370 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में आज मंगलवार को एक ऐतिहासिक पहल की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 300 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एवं 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया। इसके साथ ही 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से प्रारंभ हो गई हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं



गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी। इस पहल के अंतर्गत पहली बार प्रदेश में 5 नियोनेटल एएलएस एम्बुलेंसों की शुरूआत की गई है, जो नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सेवा राज्य की नवजात सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है तथा गंभीर स्थिति में नवजात शिशुओं को सुरक्षित रूप से उच्च स्तरीय उपचार केंद्रों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा सरकारी अस्पतालों में लगातार बढ़ा है, जहां उन्हें समय पर उपचार मिल रहा है। उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण एवं उन्नयन के कारण अब लोगों को छोटे-छोटे इलाज के लिए दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाए, ताकि हर जरूरतमंद मरीज तक समय पर स्वास्थ्य सहायता पहुंच सके।

## जालौन में मान्यता से अधिक कक्षाएं चलाने वाले स्कूलों पर सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया**

**उरई।** बुंदेलखंड सीबीएसई एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अजय इटौरिया एवं संरक्षक अशोक राठौर के नेतृत्व में जिलाधिकारी जालौन से मिला और जनपद की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े एक गंभीर मुद्दे को उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत की कि उरई नगर सहित जिले के कई विद्यालय अपनी मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं, जो पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अनेक विद्यालयों को केवल कक्षा 8 तक की मान्यता प्राप्त है, लेकिन वे अवैध रूप से अटैचमेंट के माध्यम से कक्षा 9 एवं 10 का संचालन कर रहे हैं। यह न केवल शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि ऐसे विद्यालयों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का भी अभाव है।

## मुख्यमंत्री नीतीश से प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात

**अनुभव साझा**

**अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 2024 बैच के बिहार कैडर के 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान विरूपाक्ष विक्रम सिंह, प्रिया रानी, कृष्णा जोशी, प्रेम कुमार, सैयद आदिल



मोहसिन, अजय यादव, सुरज कुमार, विग्नेश टीए, जतिन कुमार, के परीक्षित, महेश कुमार एवं कशिश बख्शी ने अपनी ट्रेनिंग के दौरान जिले में किए गए कार्यों के संबंध में अनुभव साझा किए। इन 12 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों में 03 महिलायें और 09 पुरूष हैं। इनमें 04 बिहार के, 03 राजस्थान, 02 दिल्ली के, 01 हरियाणा, 01 तमिलनाडु एवं 01 झारखंड के रहनेवाले हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, यह सुनकर अच्छा लगा। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। सरकार नीति बनाती है और उसे क्रियान्वित करने में आई०ए०एस० अधिकारियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। आप सभी संवेदनशीलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये राज्य एवं देश की तरक्की में अपना योगदान दें। प्रधान सचिव दीपक कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह एवं मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह उपस्थित थे।

## रोगियों के उपचार प्रयासों में सेवा भाव सर्वोपरि होना चाहिए : राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा मानवता की सेवा है। इससे आत्म संतोष मिलता है। प्रदेश को सिकल सेल और टी.बी. मुक्त बनाने के प्रयासों में सेवा भाव को सर्वोपरि होना चाहिए। राज्यपाल पटेल मंगलवार को भोपाल स्थित लोकभवन में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन 2047 एवं टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा जवाहर खण्ड सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और आयुष मंत्री



इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाएं और पात्रता आदि की समुचित जानकारी दें। प्रदेश स्तरीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शून्य से 40 वर्ष तक के व्यक्तियों की विशेष तौर पर जांच करें। जांच शिविरों में आमजन को बताएं कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सिकल सेल एनीमिया का इलाज कवर होता है। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत सिकल सेल रोगियों के इलाज की जिलेवार समीक्षा की। राज्यपाल पटेल ने बैठक में टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टी.बी. मुक्त बनाने स्थानीय जन प्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विशेष कर जनजातीय क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि टी.बी. रोगियों को पोषण आहार वितरण में सक्रिय सहयोग करें। राज्यपाल पटेल ने निःक्षय मित्रों की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में और अधिक निःक्षय मित्रों को जोड़कर पोषण आहार वितरण को बढ़ाने के प्रयासों पर बल देने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल पटेल ने खनन क्षेत्रों में निवासरत और कार्यरत व्यक्तियों की टी.बी. जाँच कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सिकल सेल जाँच लक्ष्य एवं पूर्ति, जेनेटिक कार्ड वितरण, हाईड्राक्सी यूरिया की उपलब्धता, गर्भावस्था में माताओं और शिशुओं का सिकल सेल प्रबंधन, सिकल सेल रोगियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, आयुष्मान योजना का लाभ, दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरण, 125 दिवसीय सिकल सेल जागरूकता अभियान आदि विस्तार से समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए।

**समीक्षा**

**राज्यपाल ने की लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और आयुष विभाग की समीक्षा**

## राज्यपाल रमेन डेका से रेडियो संगवारी टीम ने की सौजन्य मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को लोक भवन में रेडियो संगवारी की टीम ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान टीम ने रेडियो संगवारी की परिकल्पना, उद्देश्यों तथा आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम के संस्थापक राहुल शर्मा ने बताया कि रेडियो संगवारी टीम द्वारा प्रदेश की समृद्ध लोक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। राज्यपाल ने इस पहल की



सराहना करते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है और ऐसे प्रयास इसे संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने रेडियो संगवारी टीम को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस अवसर पर रेडियो संगवारी टीम के डॉ. हेमंत सिरमौर, श्रीया सिरमौर, शिवनंदन सरोज, तिलका साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।